शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 243 | गुवाहाटी | मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कांग्रेस के कारण जेल गए केजरीवाल — पेज 2
लोस चुनाव-24 : चुनाव प्रचार में सभी पार्टियों ने झोंकी ताकत — पेज 3
कितने भी दल एकत्रित हो जाओ, आएगा तो मोदी ही — पेज 5
56वीं राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप के पुरुष और महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले तय — पेज 7

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात

*अप्राप्त लाभ आदि राज्यतंत्र के चार आधार हैं।*
*- आचार्य चाणक्य*

## सीएम ने माजुली में निकाली विजय संकल्प यात्रा

### 15 दिनों में 30 से अधिक विस क्षेत्रों का करेंगे दौरा



**माजुली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र में स्थित माजुली में एक साइकिल रैली के साथ विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत की। शर्मा ने अगले 15 दिनों में राज्य के पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों में 30 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करने की योजना बनाई है, जहां 19 अप्रैल को शुरुआती चरण में चुनाव होने हैं। दौरे पर निकलते हुए उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता के प्रति आशा व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हम असम के आध्यात्मिक केंद्र माजुली में एक साइकिल रैली के साथ अपनी विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता नरेंद्र मोदी जी को 400 से अधिक सीटों का आशीर्वाद देगी। सैकड़ों पार्टी सदस्यों और समर्थकों के साथ, शर्मा की रैली ने विभिन्न जनसांख्यिकी का ध्यान आकर्षित किया, लोगों ने सम्मान के संकेत के रूप में पारंपरिक असमिया स्कार्फ, जिसे *गामोसा* कहा जाता है, की पेशकश की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव के दौरान पार्टी के बूथ स्तरीय कमेटियों द्वारा यह सर्वे किया गया है कि सामाजिक एवं आर्थिक आधार पर किन लाभार्थियों के नाम सरकारी योजनाओं में शामिल होने से वंचित रह गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद छूटे हुए -शेष पृष्ठ दो पर

## भारी बारिश और तूफान के बीच ब्रह्मपुत्र में नौका पलटने से बच्चे की मौत, दो लापता



**गुवाहाटी/दक्षिण सालमारा।** असम के दक्षिण सलमारा-मनकचार जिले में भारी बारिश और तूफान के बीच ब्रह्मपुत्र नदी में एक नौका के पलटने से चार साल के एक बच्चे की मौत हो गई और दो लोगों के लापता बताए जाते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने बताया कि रविवार की शाम को राज्य के कई हिस्सों में अचानक आए तूफान के साथ ओलावृष्टि और भारी बारिश हुई, जिससे पेड़, बिजली के खंभे धराशायी हो गए और घरों को भी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि कल शाम पांच बजे सिशुमरा घाट से नेपुरेर अलगा घाट की ओर जाते समय नेपुरेर अलगा गांव में एक नौका पलट गई। स्थानीय लोगों ने एक बच्चे का शव बरामद कर लिया है और दो लोग लापता हैं। त्रिपाठी ने बताया कि मृतक बच्चे की पहचान समिन मंडल (चार) के रूप में हुई है, जबकि कोबट अली मंडल (56) और इस्माइल अली (आठ) लापता हैं। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ की एक टीम ने आज सुबह तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और -शेष पृष्ठ दो पर

## आयकर नोटिस मामले में कांग्रेस को राहत आम चुनाव तक नहीं होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपए के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कहा कि इस आवेदन पर सुनवाई की शुरुआत में, प्रतिवादी विभाग की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इसमें कोई विवाद नहीं है कि मार्च 2024 के महीने में कई तारीखों पर अपीलकर्ता के खिलाफ लगभग 3,500 करोड़ रुपए की मांग की गई है। उसने कहा कि आगे (एसजी तुषार मेहता द्वारा) दलील दी गई कि इन अपीलों में जो मुद्दे सामने आए हैं, उन पर अभी फैसला सुनाया जाना बाकी है, लेकिन अब की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, विभाग इस मामले को तूल नहीं देना चाहता है क्योंकि प्रतिवादी विभाग द्वारा लगभग 3500 करोड़ रुपए की उपरोक्त मांग के संबंध में कोई भी कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। पीठ ने अलग-अलग -शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य सरकार ने मतदान के दिन स्थानीय सार्वजनिक छुट्टियों की घोषणा की

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने सोमवार को राज्य में तीन चरण के लोकसभा चुनाव के दौरान संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानीय सार्वजनिक छुट्टियों की घोषणा की। राज्यपाल के एक आदेश द्वारा जारी अधिसूचना में उन क्षेत्रों में 19, 26 अप्रैल और 7 मई को सार्वजनिक छुट्टियों की घोषणा की गई है, जहां 1881 के परक्राम्य लिखित अधिनियम के तहत उन तारीखों पर मतदान निर्धारित है। 19 अप्रैल को पहले चरण में पांच निर्वाचन क्षेत्रों डिब्रूगढ़, -शेष पृष्ठ दो पर

## केंद्रीय गृहमंत्री ने तूफान पीड़ित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को दिया सहायता का आश्वासन

**गुवाहाटी (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को आए भीषण तूफान से पश्चिम बंगाल, असम और मणिपुर में हुए नुकसान और पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ने असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तथा मणिपुर के मुख्यमंत्री एम बीरेन सिंह को फोन करके स्थिति की जानकारी ली और राहत और बचाव के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। गृहमंत्री ने कहा कि पीड़ित लोगों के साथ उनकी संवेदनाएं जुड़ी हुई हैं। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि भीषण तूफान के -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य के मख्यमंत्री ने अमित शाह को धन्यवाद दिया

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को चल रहे तूफान की स्थिति से निपटने के लिए समर्थन और सहायता देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया। हिमंत शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माननीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के कुछ हिस्सों में हुई भारी बारिश और हवाओं के परिणामों पर चर्चा करने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## लोस चुनाव : दूसरे चरण के लिए राज्य में दो नामांकन दाखिल



**गुवाहाटी।** असम में पांच संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए सिलचर (एससी) और नगांव से एक-एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। एक चुनाव अधिकारी ने यह जानकारी दी। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) के पूर्व लोकसभा सांसद राधे श्याम विश्वास ने सिलचर में अपना नामांकन दाखिल किया, जबकि असम जन मोर्चा के सैफुल इस्लाम चौधरी ने नगांव में नामांकन दाखिल किया। विश्वास पहले 2014 में करीमगंज निर्वाचन क्षेत्र से -शेष पृष्ठ दो पर

## अरुणाचल प्रदेश भारत का अंग है और रहेगा : एस जयशंकर



**सूरत (हि.स.)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य है, था और रहेगा। चीन के इसके नाम बदलने से कुछ नहीं होगा। भारतीय सेना एलएसी के उल्लंघन पर मुकाबले को हर तरह से तैयार है। जयशंकर सोमवार को सूरत के एक होटल में पत्रकारों के साथ चाय पर चर्चा के दौरान उनके सवालों के जवाब दे रहे थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पत्रकारों के सवाल में बताया कि भारत विदेश जाने वाले युवाओं के बारे में सजग है। रूस में उनका सेना में किसी रूप से इस्तेमाल करना गलत है। भारत सरकार ने इस संबंध में सख्ती से रूसी दूतावास को जानकारी दी कि नौकरी के नाम पर भारतीय युवाओं का सेना में सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि भारत से रूस गए दो लोगों की मृत्यु की जानकारी सामने आई है। इस मामले में भारतीय दूतावास ने शव लाने की कोशिश की है। इसमें थोड़ी देर हुई है, क्योंकि जहां यह घटना हुई वह स्थल बहुत दूर था। भारत ने रूसी दूतावास के साथ बहुत मजबूती से अपनी बात रखी है। यह बिल्कुल गलत है कि कोई भी देश भारतीय नागरिक को किसी भी रूप में अपने देश की सेना के लिए उपयोग करें। इसमें कुछ बिचौलिये सक्रिय हैं, इस मामले में रशियन सरकार की जिम्मेदारी है कि इसे रोके। भारत से रूस गए अभी 23-24 लोग हैं, इन्हें वापस लाने की कोशिश की जा रही है। सूरत के डायमंड इंडस्ट्रीज के संबंध में एक सवाल पर विदेश मंत्री ने कहा कि जी-7 और यूरोपियन यूनियन रशियन डायमंड पर प्रतिबंध लगाने की ओर बढ़ रहे हैं। इस मुद्दे -शेष पृष्ठ दो पर

## जांच एजेंसियों को शक्तियों और निजी अधिकारों के बीच बनाना होगा संतुलन : सीजेआई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी जांच एजेंसियों के पास मौजूद तलाशी और जब्ती की शक्तियों और किसी व्यक्ति की निजता के अधिकार के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। संघीय जांच एजेंसी के पहले निदेशक की स्मृति में 20वें डीपी कोहली स्मारक व्याख्यान में न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यह बात कही है। अपने संबोधन के दौरान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि खोज, जब्ती शक्तियों और व्यक्तिगत गोपनीयता अधिकारों के बीच नाजुक संतुलन कायम है। यह एक निष्पक्ष और न्यायपूर्ण -शेष पृष्ठ दो पर

## ज्ञानवापी के तहखाने में जारी रहेगी पूजा : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जिसके बाद ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में पूजा जारी रहेगी। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा-अर्चना करने की अनुमति प्रदान की थी। इसके खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने जिला अदालत के फैसले पर रोक से इनकार कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले पर रोक से इनकार कर मस्जिद कमेटी को बड़ा झटका दिया है। सोमवार को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए -शेष पृष्ठ दो पर

## अफगानिस्तान : बारूदी सुरंग में विस्फोट, नौ बच्चों की मौत

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान में पुरानी बारूदी सुरंग के पास हुए धमाके में नौ बच्चों की मौत हो गई। तालिबान के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। गजनी में तालिबान के सूचना और संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने कहा कि बच्चों को गजनी प्रांत के गेरो जिले में अपने गांव के पास जो खदान मिली, वह दशकों पुरानी थी। उन्होंने कहा कि रविवार को हुए विस्फोट में पांच लड़कों और चार लड़कियों की मौत हो गई, -शेष पृष्ठ दो पर

## भाजपा घोषणा पत्र में शामिल होंगे लोगों के सुझाव, समिति की पहली बैठक में हुई चर्चा




**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की घोषणा पत्र समिति की पहली बैठक सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष एवं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। इसमें 8 केंद्रीय मंत्री और 3 मुख्यमंत्री, जिनमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित अन्य महत्वपूर्ण सदस्य शामिल हुए। संवाददाता सम्मेलन में बैठक की जानकारी देते हुए समिति के सह-संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी का संकल्प पत्र (चुनाव घोषणा पत्र) तैयार करने के लिए देशभर से सुझाव आए हैं। उन्होंने बताया कि आज -शेष पृष्ठ दो पर

*सीएम शर्मा के बयान पर बदरुद्दीन का पलटवार, कहा-*

## मुझे उनसे पूछने की जरूरत नहीं



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा अगर अजमल दूसरी और तीसरी शादी करने के बारे में सोच रहे हैं तो उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले ऐसा कर लेना चाहिए क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद तो राज्य में यूसीसी पास कराया जाएगा, जिसके बाद बहुविवाह राज्य में एक आपराधिक प्रथा बन जाएगी। हालांकि, सीएम शर्मा के इस बयान पर बदरुद्दीन अजमल ने पलटवार किया है। सीएम शर्मा -शेष पृष्ठ दो पर

## अप्रैल से जून तक आग उगलेगा सूरज हीटवेव का पड़ेगा सबसे बुरा असर



**नई दिल्ली।** अप्रैल का महीना शुरू होने के साथ ही दोपहर के वक्त सूरज आग उगलने लगा है। आने वाले कुछ दिनों में दोपहर के समय सूरज आग उगलेगा तो वहीं लू के थपेड़े भी तन झुलसा देंगे। मौसम विभाग ने भी हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में हीटवेव का सबसे बुरा असर गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, ओडिशा, पश्चिम मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश पर होने का अनुमान है। अप्रैल से लेकर जून तक लोगों को भीषण गर्मी और हीटवेव का सामना करना पड़ेगा। आईएमडी ने भी कहा है -शेष पृष्ठ दो पर

## तिहाड़ की जेल नंबर दो में रखे जाएंगे सीएम केजरीवाल



**दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा है। सीएम केजरीवाल को तिहाड़ की दो नंबर जेल में रखा जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें अब न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ईडी ने कोर्ट में न्यायिक हिरासत की मांग की थी। वहीं संजय सिंह को जेल नंबर दो से पांच में शिफ्ट किया जा चुका है, सत्येंद्र जेल नंबर सात, मनीष सिसोदिया जेल नंबर एक और के. -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

*इंडि गठबंधन में दरार, केरल के मुख्यमंत्री बोले–*

# कांग्रेस के कारण जेल गए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक द्वारा दिल्ली में भाजपा के खिलाफ *लोकतंत्र बचाओ* रैली आयोजित करने के एक दिन बाद, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि उनके दिल्ली समकक्ष अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कांग्रेस के लिए एक सबक बन गई है। सीपीआई (एम) इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है। हालांकि, केरल में कांग्रेस के साथ उसकी आमने-सामने की लड़ाई है। राज्य के कोझिकोड में मीडिया को संबोधित करते हुए विजयन ने कहा कि दिल्ली में विपक्ष की रैली भाजपा के लिए एक चेतावनी थी। विजयन ने कहा कि यह रैली चुनाव में बड़ा प्रभाव डालने वाली है। यह भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक कड़ी चेतावनी है। साथ ही कांग्रेस को भी इससे सीखना होगा। रविवार को, इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में एक विशाल शक्ति प्रदर्शन में एक साथ आया, इस संदेश के साथ कि भाजपा विरोधी ताकतों को लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होने



की जरूरत है। केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए विशेष रूप से बुलाए गए रविवार के कार्यक्रम में नेताओं ने कहा कि अगर नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में लौटी तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा। विजयन ने बताया कि जब भाजपा ने गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों को निशाना बनाया, तो कांग्रेस भगवा पार्टी के साथ खड़ी थी। केजरीवाल प्रकरण कांग्रेस के इस दृष्टिकोण का सबसे अच्छा उदाहरण है। जब दिल्ली सरकार पर शराब नीति को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगे तो कांग्रेस केजरीवाल सरकार के खिलाफ हमले का नेतृत्व कर रही थी। कांग्रेस ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसने बाद में प्रवर्तन निदेशालय के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया। केरल के मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे कई कांग्रेस नेता हैं जो भाजपा सरकार के कार्यों का सामना नहीं कर सके। राहुल गांधी ने खुद अशोक चव्हाण (जिन्होंने हाल ही में कांग्रेस छोड़ दी थी) के मामले का जिक्र किया था। विजयन ने कहा कि *आप* सरकार के खिलाफ कांग्रेस द्वारा उठाए गए कदमों की वजह से दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी जांच हुई। जब (दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री) मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया तो कांग्रेस ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ही दिल्ली आबकारी नीति मामले की जांच की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, विजयन ने देश भर में विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के भाजपा नीत केंद्र सरकार के कथित कदम के खिलाफ रविवार को रैली में भाग लेने के लिए कांग्रेस की सराहना की।

## बिलासीपाड़ा के लक्षीगंज में ओलावृष्टि और तूफान से तबाही

**धुबड़ी (हिंस)।** जिला के बिलासीपाड़ा उप मंडल के विभिन्न हिस्सों में भीषण ओलावृष्टि और भयंकर आंधी चल रही है। आसमान से बड़े-बड़े ओला गिरते देख स्थानीय लोग हैरान और परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया है कि लक्षीगंज में एक किलो से अधिक वजन के ओला गिरने के साथ ही तेज आंधी से अलग-अलग इलाकों में लोगों के बीच दहशत फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात से मौसम की मार से स्थानीय लोगों के बीच हाहाकार की स्थिति पैदा हो गई। ओलावृष्टि और तूफान से घरों को जहां नुकसान हुआ है, वहीं पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए हैं, जिसके चलते यातायात व्यवस्था भी बाधित हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ओलावृष्टि और तूफान के चलते काफी नुकसान हुआ है।

## कामाख्या गेट पर बरामद शव की पहचान नहीं

**गुवाहाटी (हिंस)।** कामाख्या देवालय के नीलाचल पहाड़ के नीचे स्थित हीरो शोरूम के पास 20 मार्च को दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के शव की अबतक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज भेज दिया था। उल्लेखनीय है कि एक वाहन की टक्कर में लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। शव पोस्टमार्टम के बाद से गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के शवगृह में रखा हुआ है। मृतक की पहचान करने के लिए अभी तक कोई सामने नहीं आया। पश्चिम गुवाहाटी पुलिस जिला कलेक्टर कार्यालय के अनुसार, असम के सभी थानों को डब्ल्यूटी संदेश भेजे जा चुके हैं।

## केंद्रीय गृहमंत्री 6 को आएंगे असम

**गुवाहाटी (हिंस)।** वरिष्ठ भाजपा नेता तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह असम में पार्टी चुनाव प्रचार के लिए 6 अप्रैल को आएंगे। इस आशय की जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने संवाददाताओं को दी। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह राज्य के लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र में रैली करेंगे। इसके अलावा शाह काजीरंगा लोकसभा क्षेत्र के होजाई में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पत्रकारों के यूनिफॉर्म सिविल कोड संबंधी सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद यूसीसी को लेकर निर्णय लिए जाएंगे।

## दो फर्जी दंत चिकित्सक गिरफ्तार

**होजाई (हिंस)।** होजाई पुलिस ने दो फर्जी दंत चिकित्सकों को गिरफ्तार किया है। डॉ. एके गुप्ता की प्राथमिकी पर दोनों दंत चिकित्सकों को नीलबागान से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपितों की पहचान सलीम उद्दीन और मुहिबुल हक के रूप में की गई हैं। दोनों डॉक्टरों पर उत्तर प्रदेश से फर्जी डिग्री जरिए इलाज करने का आरोप है।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूसीरे की प्रमुख उपलब्धियां

**गुवाहाटी (हिंस)।** वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) ने माल लोडिंग, विद्युतीकरण, नई ट्रेनों की शुरुआत और यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने सहित विभिन्न श्रेणियों में कई उपलब्धियां हासिल की। पूसीरे के सीपीआरओ सब्यसाची दे ने आज बताया है कि 515 रेकों के पीओएल लोडिंग कर पूसी रेलवे ने वर्ष 2023-24 में अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल की। व्यापार करने में आसान सुविधा प्रदान करते हुए, पूसीरे ने 2023-24 के दौरान मक्का लोडिंग में लक्ष्य से 32 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की। सबसे कठिन समय में भी सामाजिक कर्तव्यों को पूरा किया। विधि-व्यवस्था की स्थिति के दौरान, पूसी रेलवे ने मणिपुर के खोंगसांग में 139 वैगनों से आवश्यक वस्तुओं का परिवहन कर मणिपुर के लोगों को उल्लेखनीय सेवा प्रदान की। पूसीरे के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप सीमित लाइन क्षमता के बावजूद अधिक टनभार की ढुलाई हुई। पूसीरे में केवल 3 महीनों में 453 बोगी कवर्ड वैगनों (बीसीएनएचएल) के रेक रिलीज किए गए। न्यू गुवाहाटी में बीसीएनएचएल रेकों के क्लोज्ड सर्किट रेकों के परीक्षण शुरू करने के काफी सक्रिय कदम के माध्यम से पूसी रेलवे ने प्रणाली दक्षता में सुधार किया, ताकि अमान्य खाली रेकों की आवाजाही कम हो सके। पूसी रेलवे के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान अब तक का सर्वाधिक आवक परिवहन 35.30 मिलियन टन हासिल किया गया, जिसने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 6.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। पूरे जोन को शत प्रतिशत विद्युतीकृत करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूसीरे तेजी से प्रगति कर रही है।

## पूजा-अर्चना के बाद रंजीत दत्त ने शुरू किया प्रचार अभियान

**शोणितपुर (हिंस)।** शोणितपुर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रंजीत दत्ता ने नारायणपुर के ऐतिहासिक श्रीश्री फूलनी थान (मंदिर) में पूजा-अर्चना करने के बाद आज बिहपुरिया निर्वाचन क्षेत्र में अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। श्रीश्री फूलनी थान में पूजा-अर्चना करने के बाद रंजीत दत्ता पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि वह इस बार चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि बिहपुरिया में विपक्ष अब शून्य हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा द्वारा दो बार बिहपुरिया का प्रतिनिधत्व कर हारने के बाद वर्तमान समय में कांग्रेस कार्यालय पर ताला लगा हुआ है। कांग्रेस या आप के अस्तित्व पर सवाल पूछे जाने पर रंजीत दत्ता ने कहा कि पार्टी विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच उन्हें (रंजीत) वोट देने की होड़ लगी हुई है।

## प. बंगाल में आया भंयकर तूफान, चार की मौत 200 घायल

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में रविवार को भीषण तूफान ने कहर बरपाया। राज्य से आ रही खबरों के मुताबिक, इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और 200 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तूफान में कई घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई बिजली के खंभे भी उखड़ गए। जिला मुख्यालय शहर और कुछ दूरी पर स्थित मैनागुरी में भी तेज हवाएं चलीं। पुलिस ने कहा कि कुछ इलाके जहां तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया, वे हैं राजारहाट, बार्निश, बकाली, जोरपाकडी, माधबडांगा और ससीबारी। मृतकों की पहचान 52 वर्षीय दिजेंद्र नारायण सरकार, अनिमा बर्मन (45), जगेन रॉय (72) और समर रॉय (64) के रूप में की गई। एक अधिकारी ने कहा, राज्य आपदा प्रबंधन कर्मियों को बुलाया गया है और बचाव एवं राहत अभियान चलाया जा रहा है। यह भी पता चला कि कई लोगों को अस्पताल पहुंचाना पड़ा। राज्य से आ रही तस्वीरों में कई क्षतिग्रस्त घर और व्याकुल लोग मलबे से जो थोड़ा-बहुत बच सके उसे इकट्ठा करने की कोशिश करते दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तूफान में जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने अधिकारियों से बात की है और उनसे प्रभावित लोगों को उचित सहायता



सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी आज सुबह तूफान प्रभावित लोगों से मुलाकात की। मेरी संवेदनाएं पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी-मैनागुड़ी क्षेत्रों में तूफान से प्रभावित लोगों के साथ हैं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस त्रासदी का संज्ञान लिया। उन्होंने तूफान से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए *एक्स* का सहारा लिया और त्रासदी में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए प्रखंड प्रशासन, पुलिस, डीएमजी और क्यूआरटी की टीमें हरकत में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। सीएम ने इस त्रासदी में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे और घायलों के लिए अनुग्रह राशि की भी घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुआवजा देने में आदर्श आचार संहिता के तहत सभी नियमों का पालन किया जाएगा। उन्होंने तूफान से प्रभावित लोगों को पूरा समर्थन देने का वादा किया।

# पृष्ठ एक का शेष

### सीएम ने माजुली ...

सभी लोगों के नाम शामिल किए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे अनेक कार्यों का जिक्र किया। भाजपा ने जोरहाट से अपने निवर्तमान सांसद टोपोन कुमार गोगोई को मैदान में उतारा है, जबकि इस सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार गौरव गोगोई हैं, जो निवर्तमान लोकसभा में विपक्ष के उपनेता हैं। गोगोई ने निवर्तमान सदन में कलियाबर का प्रतिनिधित्व किया, जिसे राज्य में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद काजीरंगा नाम दिया गया है। जोरहाट के अलावा डिब्रूगढ़, लखीमपुर, शोणितपुर और काजीरंगा में भी 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होगा। इसके साथ ही, वह डीफू, सिलचर और करीमगंज में भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने में हिस्सा लेंगे, जहां 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए चुनाव होने हैं। राज्य की शेष चार सीटों पर 7 मई को मतदान होगा।

### भारी बारिश और...

धुबड़ी तथा ग्वालपाड़ा जिलों के गोताखोरों को भी बुलाया गया है। बचाव प्रयासों में सहयोग के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन दल (एनडीआरएफ) की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच रही है। सीईओ ने बताया कि एएसडीएमए अभियान के दौरान निगरानी के लिए ड्रोन भेज रहा है। उन्होंने बताया कि नौका में 15 यात्री सवार थे और बाकी यात्री स्थानीय लोगों की मदद से तैरकर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। त्रिपाठी ने बताया कि कई जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की कई घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### राज्य सरकार ने ...

जोरहाट, काजीरंगा, लखीमपुर और शोणितपुर में मतदान होगा। 26 अप्रैल को दूसरे चरण में पांच अन्य सीटों सिलचर, करीमगंज, डीफू, नगांव और दरंग-उदालगुड़ी पर मतदान होगा। शेष चार निर्वाचन क्षेत्रों - गुवाहाटी, धुबड़ी, बरपेटा और कोकराझाड़ में 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। प्रशासन के आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन क्षेत्रों के निर्दिष्ट अधिकार क्षेत्र के भीतर सभी सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालय, पीआरआई, शहरी स्थानीय निकाय, शैक्षणिक संस्थान, बैंक, चाय बागान और उद्योग सहित व्यावसायिक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान मतदान के दिन बंद रहेंगे।

### केंद्रीय गृहमंत्री ने ...

सिलसिले में असम तथा मणिपुर के साथ ही पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री से भी बातचीत की है। उन्होंने कहा कि इस घटना के मृतकों के परिवारों के प्रति वह गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ हो जाने की कामना करते हैं। गृहमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे ऐसी घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़े रहे और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी सदस्य इस चुनौती पूर्ण अवधि में पीड़ितों को सक्रिय रूप से राहत एवं हर प्रकार की सहायता उपलब्ध करवाएं।

### आयकर नोटिस मामले ...

कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को 24 जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस रुख की सराहना करते हुए कहा कि अलग-अलग वर्ष के लिए सारे मांग नोटिस फरवरी और मार्च में जारी किए गए जो कुल 3500 करोड़ रुपए के थे। उन्होंने कहा कि मैं बहुत कम ही निशब्द रहता हूं। लेकिन मेरे जानकारी मित्र के हस्तक्षेप से मैं निशब्द रह गया हूं। कृपया इसे जुलाई में लें। शुरुआत में, मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता एक राजनीतिक दल है। 2016 के फैसले के आधार पर, जिसे चुनौती दी गई है, हमने 1700 करोड़ रुपए की मांग उठाई है। चूंकि चुनाव चल रहा है, हम नहीं चाहेंगे कि किसी भी पार्टी के लिए कोई समस्या पैदा हो, इसलिए चुनाव के बाद मामले की सुनवाई होने तक हम 1700 करोड़ रुपए की वसूली के लिए कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का यह फैसला 23 मार्च 2016 का है और उसके द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर 2021 में पार्टी के खिलाफ कर की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग को इस मुद्दे के गुण-दोषों पर बहुत कुछ कहना है और वे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर मुख्य याचिका का जवाब देना चाहेंगे। जस्टिस नागरत्ना ने मेहता से पूछा कि क्या याचिका में विषय के रूप में मांग नोटिस थे। मेहता ने *नहीं* में जवाब दिया। कांग्रेस ने रविवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपए के कर की मांग की गई है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपए के कर की मांग की जा चुकी है। पार्टी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करीब 1,823 करोड़ रुपए का भुगतान करने को कहा गया है। कर अधिकारियों ने पिछले वर्षों से संबंधित कर मांग के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपए पहले ही निकाल लिए हैं।

### राज्य के मख्यमंत्री ...

मुझे फोन किया। भारत सरकार की ओर से राहत और पुनर्वास के लिए पूर्ण समर्थन और सहायता के उनके आश्वासन की बहुत सराहना की जाती है। इससे पहले, गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से बात की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### लोस चुनाव : दूसरे चरण ...

एआईयूडीएफ उम्मीदवार के रूप में चुने गए थे, बाद में 2019 में भाजपा के कृपानाथ मल्लाह से हारने के बाद एआईटीसी में शामिल हो गए। अब तक, दूसरे चरण के लिए पांच नामांकन दाखिल किए गए हैं, जिनमें करीमगंज में दो और डीफू में एक नामांकन शामिल है। दूसरे चरण में नगांव, दरंग-उदालगुड़ी, डीफू (एसटी), सिलचर (एससी) और करीमगंज निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव होंगे। इस चरण में उल्लेखनीय उम्मीदवारों में नगांव से कांग्रेस के मौजूदा सांसद प्रद्युत बरदलै, दरंग-उदालगुड़ी में भाजपा सांसद दिलीप सैकिया और सिलचर में असम के उत्पाद शुल्क मंत्री परिमल शुक्लाबैद्य शामिल हैं। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 4 अप्रैल है, 5 अप्रैल को जांच होगी और नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 8 अप्रैल है। असम में 14 सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान सात चरण के आम चुनाव के पहले तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को आयोजित किया जाएगा, पहले और दूसरे चरण में पांच-पांच निर्वाचन क्षेत्रों और तीसरे चरण में चार निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। पहले चरण में काजीरंगा, जोरहाट, डिब्रूगढ़, शोणितपुर और लखीमपुर निर्वाचन क्षेत्रों से 35 उम्मीदवार मैदान में हैं। निवर्तमान लोकसभा में, राज्य से भाजपा के पास नौ सीटें, कांग्रेस के पास तीन, एआईयूडीएफ के पास एक और एक सीट निर्दलीय के पास थी।

### अरुणाचल प्रदेश भारत ...

पर केंद्र सरकार की ओर से यूरोपियन यूनियन और जी-7 के अलग-अलग देशों से बात हुई है। उनके समक्ष यह बात रखी गई है कि डायमंड इंडस्ट्री बड़े पैमाने पर लोगों की रोजगार से जुड़ा है। इसे ध्यान में रखते हुए वे नीति बनाए। इस मामले में अभी थोड़ा इंतजार करना होगा। अभी डायमंड का बिजनेस एन्टर्प के अलावा दूसरी जगहों पर भी शिफ्ट हुआ है। जर्मनी में एक भारतीय बच्ची को वापस लाने में देरी होने के सवाल पर एस जयशंकर ने कहा कि सरकार इसका प्रयास कर रही है। यह कोर्ट से जुड़ा मामला, इस वजह से इसमें समय लग रहा है। साथ ही यह भी प्रयास हो रहा है कि वह जर्मनी में ही अपनी मूल संस्कृति से जुड़े रहे। पारिवारिक लड़ाई में बच्ची अभी जर्मनी में बालाश्रम में रह रही है। एस जयशंकर ने कहा कि विदेश जाने वाले युवाओं के लिए केंद्र सरकार ने जर्मनी, ऑस्ट्रिया, इटली, पुर्तगाल और जापान के साथ कुछ क्षेत्र में मोबिलिटी एग्रीमेंट किया गया है। इसके तहत देश के युवाओं को केंद्र सरकार प्रोटेक्शन देती है, ताकि युवाओं के साथ विदेशों में गैरकानूनी, कम वेतन, सोशल सिक्युरिटी कम हो या खतरनाक किस्म के कामों में जॉब नहीं दिया जाए। आजकल ग्लोबल वर्क प्लेस बन रहा है, जिसमें हमारे टैलेंट, स्किल की मांग है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों के अलावा खाड़ी देशों में भारतीय युवा नौकरी के लिए जाते हैं। उनके प्रोटेक्शन के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इंडियन कम्युनिटी वेलफेयर फंड भी बनाया गया है ताकि यदि वे बाहर फंस जाए, कोई समस्या हो जाए तो मदद की जा सके। पिछले साल संघर्ष के दौरान सूडान और इजराइल में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी और ऑपरेशन विजय चलाया गया था।

### अफगानिस्तान : बारूदी सुरंग ...

जिनकी उम्र 5 से 10 साल थी। अफगानिस्तान कई दशकों से युद्ध से पीड़ित चल रहा है और उन बच्चों के लिए बेहद खतरनाक बना हुआ है जो अपने परिवारों के भरण-पोषण करने के लिए स्क्रैप धातु इकट्ठा करते हैं। ऐसे कई विस्फोट होने से कई लोग मारे जाते हैं या अपंग हो जाते हैं।

### ज्ञानवापी के तहखाने...

कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद भी मुस्लिम वर्ग द्वारा ज्ञानवापी में नमाज अता की जा रही है। वहीं हिंदू पुजारी द्वारा भी तहखाने में पूजा की जा रही है। ऐसे में यथास्थिति को बनाए रखना सही है। सुप्रीम कोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की अपील पर हिंदू पक्ष को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल बीती 31 जनवरी को वाराणसी की अदालत ने अपने एक आदेश में हिंदू श्रद्धालुओं को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा-अर्चना करने की अनुमति दी थी। वाराणसी की अदालत के इस फैसले के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी द्वारा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि हाईकोर्ट ने कमेटी की याचिका खारिज कर दी और जिला अदालत के फैसले को बरकरार रखा। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जिला अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा नामित एक पुजारी द्वारा व्यास जी के तहखाने में पूजा-अर्चना की जाएगी। जिला अदालत में याचिका दायर करने वाले पुजारी ने बताया कि उनके दादा व्यास जी दिसंबर 1993 तक तहखाने में पूजा-अर्चना करते थे। हालांकि बाद में इस पर रोक लगा दी गई। जिला अदालत के आदेश के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद कमेटी को पहले हाईकोर्ट जाने को कहा। अब मसाजिद कमेटी को हाईकोर्ट से निराशा मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है।

### भाजपा घोषणा पत्र ...

समिति की पहली बैठक हुई। कुछ ही दिनों में अगली बैठक होगी और समाज, देश और जनता के हित को ध्यान में रखकर पार्टी अपने संकल्प पत्र को अंतिम रूप देगी। पीयूष गोयल ने बताया कि आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में पार्टी की चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक में कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई और अलग-अलग विषय पर सभी ने अपने अमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि लगभग 35 दिनों तक 916 वीडियो वैन ने देशभर में 3500 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। देश के 100 से ज्यादा शहरों में अलग-अलग समाज के वर्गों, व्यावसायिक, व्यापारिक एवं बुद्धिजीवी संगठनों के साथ सभाएं की गईं, मिस्ड कॉल अभियान चलाया गया और नमो एप के जरिए भी सुझाव लिए गए। इसके साथ मिस्ड कॉल अभियान के जरिए देशभर से पौने 4 लाख सुझाव आए और नमो ऐप पर भी 1 लाख 70 हजार के लगभग सुझाव आए। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में इन सुझावों का संकलन करते हुए इसे शॉर्ट लिस्ट किया गया है, जिस पर आज सार्थक चर्चा हुई और इसके आधार पर पार्टी अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। इतने बड़े पैमाने पर आए सुझाव अपने आप में दर्शाते हैं कि देश की जनता में कितना उत्साह है और लोगों में यह भरोसा है कि मोदी है तो मुमकिन है।

### जांच एजेंसियों को ...

समाज की आधारशिला है। उन्होंने संबोधन में इस संतुलन के मूल में उचित प्रक्रिया को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन में निजी उपकरणों की अनुचित जब्ती का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि जांच संबंधी जरूरतों और निजी गोपनीयता अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है। हालांकि उन्होंने जांच एजेंसियों से अपनी लड़ाई लड़ने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि कई मामलों को बहुत अधिक विस्तार से फैलाने के बजाए उन्हें उन अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो देश की सुरक्षा, आर्थिक और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा हैं। अपराध के परिदृश्य पर बोलते हुए न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी जांच एजेंसियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरणों का इस्तेमाल करने के अलावा उनसे निपटने के लिए अपनी क्षमताओं का निर्माण करना चाहिए। अपने संबोधन में न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि जैसे-जैसे हमारी दुनिया डिजिटल तकनीक के विस्तार के जरिए तेजी से आपस में जुड़ती जा रही है, उतना ही सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों को नई और कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मुझे उनसे पूछने ...

पर कटाक्ष करते हुए अजमल ने कहा कि अगर मुझे फिर से शादी करना है तो मुझे इसके लिए मुख्यमंत्री से पूछने की जरूरत नहीं है। इसी के साथ उन्होंने कांग्रेस के धुबड़ी उम्मीदवार रकीबुल हुसैन, जिन्होंने उन्हें बूढ़ा शेर कहा था, पर भी पलटवार करते हुए कहा कि उनके (रकीबुल हुसैन) पास कोई शक्ति नहीं है। उन्होंने केवल एक बच्चे को जन्म दिया है। मेरे सात बच्चे हैं, उनमें से कुछ युवा है, जो 40 साल के हैं। बता दें कि एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल यूसीसी का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यूसीसी कुरान विरोधी है। यूसीसी हदीस विरोधी है। यूसीसी इस्लाम विरोधी है। यूसीसी सभी धर्मों के खिलाफ है। हम इसका विरोध करेंगे। सरकार को जो करना है करने दें। हम वही करेंगे जो हमें करना होगा। शनिवार को असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अगर अजमल शादी करते हैं तो वे भी उनकी शादी समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद हम देश में यूसीसी लागू करने जा रहे हैं। इसके बाद बहुविवाह करने में समस्या हो सकती है। उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। बहुविवाह अभी तक अवैध नहीं है। अभी उनकी पत्नी नहीं है और उन्हें अगर दूसरी शादी करनी है तो अभी कर लें। शादी में वे मुझे भी आमंत्रित कर सकते हैं, मैं भी उनकी शादी में शामिल होने जाउंगा। राज्य में यूसीसी लागू करने की सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

### अप्रैल से जून तक...

कि अप्रैल से जून की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी पड़ेगी। इसका सबसे बुरा प्रभाव मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भागों पर देखने को मिलेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल-जून की अवधि के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इसका असर सबसे ज्यादा मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में दिखेगा। मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। इन तीन महीनों के दौरान मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्म हवा चलने की संभावना है। वहीं, देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यत: चार से आठ दिनों की तुलना में दस से 20 दिनों तक लू चलने की आशंका है। महापात्र ने कहा कि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में गर्मी का सबसे बुरा प्रभाव पड़ने की संभावना है। अप्रैल में देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, मध्य दक्षिण भारत में इसकी उच्च संभावना है। अप्रैल में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और उत्तरपूर्वी राज्यों के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। अप्रैल में मध्य भारत के कई इलाकों और उत्तरी मैदानी इलाकों और दक्षिण भारत के आसपास के इलाकों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिन रहने की संभावना है।

### तिहाड़ की जेल ...

कविता जेल नंबर छह में हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ने से आम आदमी पार्टी (आप) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में रोष है। इसके चलते तिहाड़ जेल के बाहर विरोध में भारी संख्या में आप कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए पहुंचे हैं। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। करीब साढ़े चार बजे सीएम केजरीवाल को जेल के भीतर दाखिल करा दिया गया। इससे पहले सोमवार यानी आज अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान पत्नी सुनीता, आप नेता सौरभ भारद्वाज, आतिशी, गोपाल राय समेत कई नेता मौजूद रहे। बीती 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने राहत नहीं दी थी और एक अप्रैल तक के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## लोस चुनाव 24 में हिमंत और रकीबुल हुसैन दोनों एक : बदरुद्दीन अजमल

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी के निवर्तमान सांसद तथा एआईयूडीएफ के प्रमुख मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और धुबड़ी से कांग्रेस के प्रत्याशी रकीबुल हुसैन दोनों एक ही हैं। दोनों ही कांग्रेस में एक साथ थे। रकीबुल हिमंत को मुख्यमंत्री बनाना चाह रहे थे। अजमल आज यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। एक प्रश्न के उत्तर में अजमल ने कहा कि रकीबुल का कोई ठिकाना नहीं है। कल से उन्होंने रकीबुल का नाम लेना बंद कर दिया। अजमल ने कहा कि जिसका कोई ठिकाना नहीं हो उसकी बात वे नहीं करना चाहते हैं। अजमल ने कहा कि रकीबुल ने कल धुबड़ी के धर्मशाला में कार्यक्रम किया था, जहां 500 लोग भी नहीं थे। उसी जगह पर यदि अजमल कार्यक्रम करें तो 25 हजार से ज्यादा लोग पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने रकीबुल को कांग्रेस सरकार के दिनों में देखा है कि वह मुसलमान के हितैषी नहीं हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि *मैं मुख्यमंत्री की बात नहीं कर रहा हूं, इसलिए जब मन करेगा तो शादी कर लूंगा।* अजमल ने कहा कि उन्होंने 15 वर्षों में अपने क्षेत्र के विकास के लिए जो कार्य किया है, उसकी लंबी सूची सामने है। लोग सभी कुछ जानते हैं। उन्होंने दावा किया कि यह चुनाव वे सात लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतेंगे।

# लोस चुनाव-24 : चुनाव प्रचार में सभी पार्टियों ने झोंकी ताकत

## जिलावार चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा




**गुवाहाटी ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव प्रचार में सभी पार्टियां अपनी ताकत झोंक रही हैं। वहीं राज्य की सत्ताधारी पार्टी भाजपा एवं मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनसंपर्क अभियान के साथ ही चुनाव रैली एवं रोड शो जैसे चुनावी कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को लुभाने में जुटे हुए हैं। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस कुछ चुनिंदा सीटों जैसे धुबड़ी, बरपेटा, नगांव, जोरहाट, करीमगंज आदि सीटों पर चुनावी प्रचार को विशेष तवज्जों दे रही है। जबकि, अल्पसंख्यकों की रहनुमाई का दावा करने वाली ऑल इंडिया यूनाइडेट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) भी धुबड़ी, बरपेटा, करीमगंज एवं नगांव जैसी सीटों पर आक्रामक चुनाव प्रचार कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा इन दिनों पूरी तरह से चुनावी मूड में आ चुके हैं। प्रत्येक दिन किसी न किसी जिलों में बड़ी-बड़ी जनसभाएं करने के साथ ही जनसंवाद के कार्यक्रम करने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री आज आज विश्व के सबसे बड़े नदी द्वीप माजुली जिला में चुनाव प्रचार करने के लिए रवाना हो रहे हैं। मुख्यमंत्री आज सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि मैं आज माजुली जिले के लोगों का आशीर्वाद मांगूंगा। मुख्यमंत्री इस दौरान एक विजय संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे एवं एक साइकिल रैली में भाग लेंगे।

# लोस चुनाव 24 : पूरा देश हुआ मोदी मय : जयंत मल्लबरुवा



**दरंग ( हिंस )।** राज्य के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि मामलों के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने कहा है कि इस समय पूरे देश में मोदी मय परिवेश है। देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। ये बातें मंत्री ने सोमवार को मंगलदै में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक कांग्रेस तथा अन्य दलों एवं संगठनों के नेता एवं कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। मंत्री ने कहा कि इस समय जो भी लोग समाज और देश की सेवा करना चाहते हैं, सभी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने दरंग-उदालगुड़ी सीट पर भाजपा प्रत्याशी की भारी जीत का दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार माधव राजवंशी भी भाजपा में ही शामिल हो जाएं तो बेहतर होगा। क्योंकि, उनके साथ कोई काम करने वाला ही नहीं बचा है। कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के सवाल पर मंत्री ने कहा कि इन बातों का कोई मतलब नहीं है। जिस प्रकार से भाजपा सरकार के दिनों में काम हुए हैं, उसके बाद कांग्रेस किसी भी प्रकार से जनता के सामने कुछ कहने की स्थिति में नहीं है।

# हमारा कोई लोकसभा उम्मीदवार नहीं : पीएजेएससी

**इटानगर ( हिंस )।** पैन अरुणाचल संयुक्त संचालन समिति (पीएजेएससी) के अध्यक्ष तेची पुरु ने कहा कि उनकी पार्टी की ओर से लोकसभा के लिए किसी भी आधिकारिक उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया है, क्योंकि हम अपने मुद्दों को राजनीतिक रंग नहीं देना चाहते हैं। आगामी चुनाव 2024 के लिए पीएजेएससी के उपाध्यक्ष ताड़क नालो द्वारा टेची राणा को उनके आधिकारिक रूप से लोकसभा उम्मीदवार के रूप में की गई हालिया घोषणा का जवाब देते हुए तेची पुरु ने आज अपनी बातें साझा की। आज यहां अरूणाचल प्रेस क्लब में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए तेची पुरु ने कहा कि पीएजेएससी का आंदोलन शुद्ध रूप में है और मुद्दों के आधार पर समिति का गठन हुआ है। हम इसे राजनीति में लाना नहीं चाहते हैं और आंदोलन शुरू करते समय हमने आंदोलन के दौरान राजनीतिकरण नहीं करने या किसी भी सांप्रदायिक भाषा का उपयोग नहीं करने का फैसला लिया था। लगभग 2 साल हो गए हैं, हमारा आंदोलन माता-पिता, शुभचिंतकों और आकांक्षियों के समर्थन से सुचारू रूप से चल रहा है और एक बार जब हमारा मुद्दा हल हो जाएगा तो हमारी समिति भी निष्क्रिय हो जाएगी। तेची पुरु ने अपनी संभावना व्यक्त करते हुए स्पष्ट रुख रखा कि उनके द्वारा शुरू किया गया आंदोलन हमेशा एक अराजनीतिक आंदोलन रहा है, इसलिए समिति में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को आंदोलन की पवित्रता बनाए रखनी चाहिए और इसे राजनीतिक हथकंडा बनाने से बचना चाहिए। हमारे आंदोलन के दौरान हमें कानूनी लड़ाई सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है। मेरे सहित पीएजेएससी के कई सदस्यों के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज किए गए हैं, लेकिन फिर भी हम अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के पेपर लीक मामले पर अपनी 13 सूत्रीय मांगों पर कायम हैं और राज्य सरकार के खिलाफ लड़ रहे हैं। एक आकांक्षी के रूप में हमने अपना आंदोलन शुरू किया और ताकेत जेरांग को समाप्त करने सहित हमारी 13 सूत्री मांगों के समाधान के बाद आकांक्षी के साथ समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग का गठन पहले ही हो चुका है और वे परीक्षा आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। हम इसका स्वागत करते हैं और हम आयोग से पेपर लीक मामले पर पहल करने और ताकेत जेरांग की नौकरी को समाप्त करने की अपील भी करते हैं। इसके अलावा उन्होंने छात्रों से अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और राजनीति पर झूठे प्रचार में न कूदने की भी अपील की।

## केडीएफ संगठन का सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी के साथ ही उग्रवादियों के पकड़े जाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। इसी सिलसिले में सुरक्षा बलों के अभियान में मणिपुर पुलिस ने इम्फाल पश्चिम जिले से केडीएफ (कंगलेइपक डिफेंस फोर्स) संगठन के सदस्य मोइरांगथेम लानचेनबा मीतेई (18) को गिरफ्तार किया। केडीएफ सदस्य की पहचान सलेन मापारी के रूप में हुई है। वह इस गिरोह का हिस्सा है, जो चोरी, जबरन वसूली और असामाजिक गतिविधियों में शामिल है। उसके पास से एक मैगजीन के साथ एक .32 पिस्तौल, चार 9 मिमी गोला बारूद के साथ भरी हुई, एक मैगजीन के साथ एक 9 मिमी पिस्तौल, एक दूरबीन के साथ लगी एक एसबीबीएल बंदूक, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, पांच वायरलेस सेट, सलैलेन मापरी केडीएफ की एक राउंड सील, एक सलैलेन मापरी केडीएफ का नीला झंडा, एक-एक छलावरण टोपी, जैकेट, बीपी काली बनियान, छलावरण फुल शर्ट और पतलून, सलैलेन मापरी कांगलेईपाक रक्षा बल के आठ लेटर हेड, अध्यक्ष एच लालोइबा और अध्यक्ष ओ मीतेई द्वारा हस्ताक्षरित आठ लेटर हेड, सलैलेन मापरी कंगलेईपाक रक्षा बल, एक चांदी रंग की ईईसीओ वैन, एक हिमालयन रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

## रंगिया प्रेस क्लब के प्रकाश डेका बने कामरूप जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष



**रंगिया ( निसं )।** रंगिया प्रेस क्लब के वरिष्ठ संवाददाता व पूर्व अध्यक्ष प्रकाश डेका का कामरूप जिला सांवादिक संस्था के नवनियुक्त अध्यक्ष पद पर चयन होने से रंगिया प्रेस क्लब मे हर्ष व्याप्त है। मालुम हो कि प्रकाश डेका असम की प्रमुख समाचार एजेंसी प्रतिदिन टाइम के रंगिया से संवाददाता हैं। उनकी यह उपलब्धि रंगिया की खबरों की दुनिया के लिए खुशखबरी है। जागरूक समुदाय ने कामरूप जिला सांवादिक संस्था श्री डेका के नेतृत्व में आने वाले दिनों में नई ऊंचाई प्राप्त करने की उम्मीद करने के साथ शाब्दिक अभिनंदन ज्ञापन किया है। वही रंगिया प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र जाजोदिया व सचिव फारूक हुसैन के साथ सभी संवाददाताओ ने बधाई संदेश दिया है।

## सालबाड़ी के विभिन्न हिस्सों में तूफान का कहर

**बाक्सा ( हिंस )।** बाक्सा जिलांतर्गत शालबाड़ी के विभिन्न हिस्सों में आंधी और तूफान के कहर से भारी नुकसान हुआ है। तेज आंधी के चलते पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिसके चलते बिजली की आपूर्ति जहां बाधित हुई, वहीं यातायात व्यवस्था भी बाधित हुई है। मिली जानकारी के बीती रात आए तूफान और आंधी के कारण तगुवाशालबाड़ी के गाति, आनंद बाजार, काहीबाड़ी, कमलाबाड़ी, आओहाटा, पाटला, रौमारी, हुदुखटा, बांहबाड़ी समेत कई अन्य स्थानों पर तूफान के कारण यातायात बाधित हो गया है। कई परिवारों के घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और टिन की छत उड़ गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आज सुबह से वन विभाग जहां रास्ते से पेड़ों को हटाने में जुटा हुआ है वहीं बिजली विभाग बिजली व्यवस्था को बहाल करने में जुटा हुआ है।

# विहिंप की बिश्वनाथ जिला समिति की 2024 योजना बैठक आयोजित



**विश्वनाथ ( विभास )।** विश्व हिंदू परिषद बिश्वनाथ जिला समिति ने कल संध्या 4 बजे विश्वनाथ चारिआली के शहर में स्थित शांति निवास में जिला योजना बैठक की। सर्वप्रथम योजना बैठक में तेजपुर से उपस्थित की उत्तर पूर्वी क्षेत्र के मातृशक्ति संयोजिका बकुल रॉय ने मैं दीप प्रज्ज्वलित कर जय श्री राम की ध्वनि और ओमकार ध्वनि से सभा का शुभारंभ किया। इसके बाद मंचासीन महानुभावों ने भारत माता व गुरु देव के चित्र के समक्ष पेश पुष्प अर्पित किया की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सोपोन राजखोवा ने की और संचालन जिला सचिव इंद्रजीत गुप्ता ने किया। बैठक में मार्गदर्शन के रूप में उत्तर पूर्वी क्षेत्र की मातृशक्ति संयोजिका श्रीमती बकुल रॉय उपस्थित थीं, जिनकी उपस्थिति में बिश्वनाथ जिला समिति द्वारा किए जाने वाले संगठनात्मक एवं सामाजिक कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला समिति के उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष ईश्वर बरुआ, कोषाध्यक्ष बजरंग रौनिया, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख डॉ. सपोंटी बरठाकुर, प्रचार प्रमुख संतोष कुमार महतो, मातृ शक्ति संयोजिका सपना सैकिया, दुर्गा-वाहिनी संयोजिका दीपाली खारिया, विश्वनाथ नगर प्रखंड के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह, सचिव सुशील रौनियार, गोहपुर शाखा अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, कलाबाड़ी प्रखंड के अध्यक्ष नगेन बोरा, साकोमठा प्रखंड के सचिव बिचेस बनिया आदि स्वयंसेवक मौजूद थे।

## दिवंगत शिक्षिका लनी प्रभा दास की मनी पहली पुण्य तिथि



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया की प्रख्यात शिक्षिका लनी प्रभा दास की सोमवार को पहली पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके पर प्रख्यात पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. अमरज्योति कश्यप, रंगिया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य पार्थ सारथी महंत, प्रख्यात वरिष्ठ शिक्षाविद पवित्र कलिता, वरिष्ठ शिक्षाविद लखी कांत महंतो, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता धर्मकांत डेका, कवि नरुल अमीन सहित रंगिया के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शिक्षिका स्वर्गीय लनी प्रभा दास की स्व-रचित *कविता संकलन होहारी* का विमोचन किया गया। कामरूप जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता तथा स्वामी भूपेन कुमार दास ने *कविता संकलन होहारी* को प्रकाशित कर निकाला। प्रकाशक भूपेन कुमार दास के निवास स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित लोग *कविता संकलन होहारी* कविता ग्रंथ को पढ़कर आपलुप्त हुए। वहीं उन्होंने प्रकाशक भूपेन कुमार दास को धन्यवाद दिया और कवि लनी प्रभा दास की शाश्वत शांति की कामना की।

# गल्लापट्टी श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति की सभा आयोजित

## दो दिवसीय स्वर्ण जयंती महोत्सव का विराट रूप से होगा आयोजन

**गुवाहाटी।** महानगर के गल्लापट्टी श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आठगांव स्थित श्री गौहाटी गौशाला में आयोजित की गई। अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यकारिणी समिति की बैठक की जानकारी दी। तत्पश्चात कार्यकारी अध्यक्ष सुनील अजीतसरिया ने दो दिवसीय स्वर्ण जयंती महोत्सव के संदर्भ में सभा को जानकारी दी इस बैठक में आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई जिसमे कई निर्णय लिए गए। गला पट्टी श्री हनुमान मंदिर में इस वर्ष दो दिवसीय स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन आगामी 22 और 23 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ विराट रूप से आयोजित किया जाएगा। आज की बैठक में स्वर्ण जयंती महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी समिति और उप समिति की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा परंपरा अनुसार महोत्सव से पूर्व आगामी 20 अप्रैल को गौशाला प्रांगण में कड़ाही और प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। स्वर्ण जयंती महोत्सव के पहले दिन 22 अप्रैल को कार्यक्रम की शुरुआत सुबह अखंड रामायण से किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा दो दिवसीय स्वयं जयंती महोत्सव का विधिवत उदघाटन किया जाएगा। इस मौके पर पिछले 50 वर्षों के गौरवशाली आयोजन से जुड़े पूर्व वरिष्ठ सदस्यों का अभिनंदन किया जाएगा। वहीं शाम 6.30 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दूसरे दिन 23 अप्रैल को महाआरती, शोभायात्रा और सिंदूरी बजरंगी समूह द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति के साथ संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। आज आयोजित सभा में निर्णय लिया गया कि महोत्सव के आयोजन हेतु अनुदान संग्रह के समय सभी अनुदान दाताओं को निमंत्रण के साथ पंचांग और बाबा की ध्वजा प्रसाद स्वरूप दी जाएगी। हनुमान जन्मोत्सव के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। स्वर्ण जयंती महोत्सव समिति के जनसंपर्क अधिकारी विवेक सांगानेरिया ने बताया कि आज आयोजित बैठक में अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार अजीतसरिया, सचिव विकास अग्रवाल (सीए), उपाध्यक्ष दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष संजय सुरेका, सयुक्त सचिव सनोज अग्रवाल व मधुसूदन सिवोटिया, सहित विभिन्न समितियां के संयोजक गौतम शर्मा, मुकेश मोर, राकेश चौधरी, आदर्श शर्मा, राजू खाखोलिया, सुनील बाजोरिया, प्रभात शर्मा, मक्खन अग्रवाल, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। स्वर्ण जयंती महोत्सव समिति की ओर से सभी धर्मपरायण लोगों से आह्वान किया गया की वे लोग भी इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में अपना हर संभव सहयोग प्रदान करें।

## *असमिया बीजेपी बार्ता* का अप्रैल संस्करण जारी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के मासिक मुखपत्र *असमिया बीजेपी बार्ता* के अप्रैल अंक का आज अनावरण किया गया। प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष अशोक भट्टाराई ने पार्टी के मुख्यालय *अटल बिहारी वाजपेयी भवन* में आयोजित एक समारोह में इसके आठवें वर्ष के चौथे अंक का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता मनोज बोरा, भाजपा समाचार विभाग के संयोजक देवान ध्रुवज्योति मोरल और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसे जारी करते हुए भाजपा उपाध्यक्ष ने कहा कि इस पत्रिका ने पिछले कई वर्षों में पार्टी के विकास कार्यों के साथ-साथ सरकार के विकास कार्यों का लेखा-जोखा पाठकों तक पहुंचाया है।

## होजाई के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण में माता शीतला की पूजा-अर्चना में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**होजाई ( निसं )।** आज शीतला अष्टमी के उपलक्ष पर स्थानीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण परिसर में माता शीतला की पूजा अर्चना करने हेतु उमड़े भक्त। उल्लेखयोग्य है, शीतला अष्टमी को बसौड़ा पूजा के नाम से भी जानते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, शीतला माता की पूजा हर साल चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को की जाती है। इस दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता है। शीतला अष्टमी के दिन लोग माता शीतला को बासी खाने का भोग लगाते हैं। बाद में इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। शीतला अष्टमी को ऋतु परिवर्तन का संकेत भी माना जाता है। क्योंकि इस दिन के बाद से ग्रीष्म (गर्मी) ऋतु शुरू हो जाती है और गर्मियों में बासी भोजन नहीं खाया जाता है। इस संवाददाता से बात करते हुए पंडित सुनील शास्त्री ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई जहां भक्तगण माता शीतला की पूजा अर्चना करने हेतु पहुंच रहे है। उन्होंने कहा माता शीतला की पूजा-अर्चना करने से हर प्रकार के रोग, व्याधि, पीड़ा आदि का निराकरण होता है और माता शीतला की कृपा से सारी मनोकामनाएं की पूर्ति होती है।

# रंगिया में धूमधाम से मनी शीतलाष्टमी



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया में सोमवार को शीतलाष्टमी का त्यौहार माता शीतला की पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सपरिवार स्थानीय श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण स्थित आरोग्यता की देवी माता शीतला के दरबार पहुंचकर छाछ, राबड़ी व पुआ पापड़ी आदि का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने सोमवार को प्रातः 5 बजे से ही राजाजी ओ दरवाजो खोल थां पर महर कर ली माता शीतला सहित अनेक पारंपरिक गीत गाते हुए शीतला माता के मंदिर में सपरिवार पहुंचकर पूजा-अर्चना की और एक दिन पूर्व बनाए गए पुआ-पापड़ी व छाछ-राबड़ी सहित अन्य बासी व्यंजनों का भोग माता के लगाया और सुख-शांति व आरोग्यता की देवी से घर परिवार में खुशहाली की कामना की। वहीं माता की पूजा-अर्चना हेतु मंदिर प्रांगण में दिन भर ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसके पूर्व सवेरे महिलाओं अपने घर में ठंडे भोजन से शीतला माता की पूजा-अर्चना करके सुख-शांति की कामना की।

# फागुन के रंगों में वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच असम हुआ सराबोर

**विश्वनाथ / गुवाहाटी ( विभास )।** वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच, असम इकाई की मार्च माह की मासिक गोष्ठी 31 मार्च, रविवार को शाम 5.30 बजे मंच की अध्यक्षा श्रीमती आभा कुमारी चौधरी की अध्यक्षता व संचालन में गूगलमीट माध्यम से संपन्न की गई। वनकाम देहरादून इकाई की अध्यक्षा आदरणीय महेश्वरी कनेरी जी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आदरणीय कंचन शर्मा *कौशिक* ने मंच को सुशोभित किया। आभा कुमारी चौधरी ने मंच का कार्यभार संभालते हुए, वनकाम के संस्थापक डॉ. नरेश नाज का धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ साथ स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का औपचारिक प्रारम्भ असम इकाई के उपाध्यक्ष विनय कुमार बुद्ध के द्वारा की गई सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात मुख्य



अतिथि का एक संक्षिप्त परिचय रखा गया। वनकाम असम इकाई की महासचिव श्रीमती कल्पना कश्यप ने विशिष्ट अतिथि एवं विशेष अतिथियों जीवंत परिचय मंच के सम्मुख प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुई। मंच पर असम तथा पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न प्रांतों के कवियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। विविध शैलियों, भावों से मंच सुशोभित हो उठा। हेमलता तोदी, सौमित्रम्, किशोर जैन, कल्पना कश्यप, मनीष पाल, जाकिर हुसैन, सैयदा अनवरा खातून, संतोष कुमार महतो, ममता गिनोरिया, किशोर जैन, कल्पना कश्यप, आभा कुमारी चौधरी जैसे वरिष्ठ रचनाकारों ने अपनी सुंदर काव्य वाचन से मंच पर चार चांद लगा दिए। मुख्य अतिथि महेश्वरी कनेरी जी ने, बेटी की विदाई के समय उसके अभिभावकों की मनोदशा पर रचित कविता गायन प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। आदरणीय महेश्वरी कनेरी मंच पर आखिर तक बनी रहीं और कार्यक्रम के अंत में उन्होंने अपनी दूसरी कविता प्रस्तुत की जिसमें भटके हुए नौजवानों को जागरूक करने का संदेश था। विशिष्ट अतिथि कंचन शर्मा कौशिक जी ने संबंधों के ऊपर बहुत ही सुंदर व सजीव कविता वाचन कर मंच को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर वनकाम, पूर्वोत्तर राज्य की अध्यक्षा डॉ. गोमा अधिकारी ने भी अपनी काव्य प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। अंततः वनकाम असम इकाई की अध्यक्षा आभा कुमारी चौधरी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

संपादकीय

# पुनर्वास का आश्रयस्थल

**पुनर्वास** के मानदंड पर सुक्खू सरकार ने, कांगड़ा एयरपोर्ट विकास के सभी पहलुओं को एक नई परिभाषा दी है। विकास की जरूरतों में महज योजना नहीं, इनसान की सहमति का नया परिदृश्य भी खड़ा करना पड़ता है। भीतर ही भीतर हर विकास की कडि़यों में मानव की गतिविधियों का संसार भी बसाना पड़ता है। जाहिर तौर पर कांगड़ा एयरपोर्ट सिर्फ विस्तार का नक्शा नहीं, सरकार की इच्छाशक्ति और भविष्य के समर्थन की सहमति भी है। यहां महज विकास का भविष्य नहीं, विस्थापित जनता का भविष्य भी सर्वोपरि दिखाई दे रहा है, इसलिए अब मुआवजे की राशि वास्तविक कीमत को पांच गुना तक पहुंचा रही है तो कर्मक्षेत्र को भी आश्रय दे रही है। हिमाचल में यह अपनी तरह का फैसला है जहां विस्थापन को पुनर्वास के आश्रय में समझा जा रहा है। बेशक उजडऩे की सिसकियां कभी कम नहीं होतीं, लेकिन विकास की गति में आर्थिकी के जिस पड़ाव पर हिमाचल खड़ा है, वहां भूमि पर नक्शे भी बड़े करने होंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में कांगड़ा एयरपोर्ट का नक्शा लगातार फैलता रहा और अब अपने मुकाम पर आकर बता रहा है कि इसके विस्तार की अनिवार्यता में यह सदी नई कहानी लिखेगी। शायद कल जब एयरपोर्ट विस्तार की खूंटियां स्पष्ट नजर आएंगी, तो हम बच्चों को कहानी सुनाएंगे, 'एक था गगल का कस्बा' या बताएंगे कि फलां बाजार कांगड़ा एयरपोर्ट ने बसाया। दरअसल विस्थापन को शहादत का दर्जा मिलना चाहिए। अपने घर और आंगन को खोना कोई आसान समाधान नहीं, फिर भी देश के निर्माण में नागरिक योगदान की परिभाषा पर मंथन, सहमति और संरक्षण होना चाहिए। आज एयरपोर्ट विस्तार के बहाने पुनर्वास का खाका और माथा सामने आया है, तो इसकी पैमाइश में सरकार ने हर सूरत इच्छा शक्ति दिखाई है। यह केवल पुनर्वास की नई सुर्खी नहीं, बल्कि इच्छा शक्ति का विस्तार भी है। यानी सरकार चाहे तो किसी भी हद तक जाकर मसलों का हल और जनता की सहमति के आदर्श स्थापित कर सकती है। बावजूद इसके कि मानव संवेदना के हर पहलू के अपने तर्क वितर्क और आस्थाएं रहती हैं, विकास की अपरिहार्यता में कुछ मंजिलें ऐसी भी आएंगी जहां सफलता का सेहरा बहुत कुछ खरीद लेगा। बहरहाल पुनर्वास के लिए मानदंड पर सरकार पांच गुना मुआवजे के अलावा बसाने व कमाने के लिए अधोसंरचना निर्माण का रास्ता भी बना रही है। पुनर्वास का यह मॉडल ऐसी आशा जगा रहा, जहां भविष्य की चुनौतियां पूरी की जा सकती हैं। हम इस परियोजना के कई पहलू देख सकते हैं और यह हिमाचल में टिहरी बांध परियोजना की तरह नागरिक समाज से सीधे मुखातिब है। न्यू टिहरी शहर का निर्माण याद दिलाता है कि विस्थापन के दर्द में पुनर्वास के अर्थ मिल जाएं, तो हर कुर्बानी खुद को जिंदा रखती है। ऐसा समझा जाता है कि कांगड़ा एयरपोर्ट की नई बुर्जियों की आहट में विस्थापितों के लिए पुनर्वास के घुंघरू सुनाई दे रहे हैं। हम आरंभ से ही पुनर्वास की आवश्यक शर्तों में कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की संभावना को आवश्यक मानते रहें ताकि रोजगार के बदले रोजगार और व्यापार के बदले व्यापार मिल सके। यह फार्मूला प्रदेश स्तरीय परियोजनाओं में अमल में लाने के लिए अभी से कम से कम आधा दर्जन निवेश शहर विकसित करके पूरा किया जा सकता है। जहां तक एयरपोर्ट विस्तार का मसला है, तो इसे या तो एक पुनर्वास सेटेलाइट शहर की दृष्टि से या कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के साथ भी मुकम्मल किया जा सकता है। नगरोटा बगवां की पर्यटन परियोजानाओं या धर्मशाला के साथ नरघोटा में पर्यटक गांव के साथ पुनर्वास के दरवाजे खुल जाएं तो राहत का पैमाना और भी सौहार्दपूर्ण होगा। कम से कम मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू विकास के मॉडल पर कांगड़ा के मानचित्र में अपनी इच्छा शक्ति के रंग भरते हुए दिखाई देते हैं, भले ही लोकसभा चुनाव में इसी विषय पर अलग विमर्श खड़ा हो जाए।

विकास की जरूरतों में महज योजना नहीं, इनसान की सहमति का नया परिदृश्य भी खड़ा करना पड़ता है। भीतर ही भीतर हर विकास की कडि़यों में मानव की गतिविधियों का संसार भी बसाना पड़ता है। जाहिर तौर पर कांगड़ा एयरपोर्ट सिर्फ विस्तार का नक्शा नहीं, सरकार की इच्छाशक्ति और भविष्य के समर्थन की सहमति भी है। यहां महज विकास का भविष्य नहीं, विस्थापित जनता का भविष्य भी सर्वोपरि दिखाई दे रहा है, इसलिए अब मुआवजे की राशि वास्तविक कीमत को पांच गुना तक पहुंचा रही है तो कर्मक्षेत्र को भी आश्रय दे रही है। हिमाचल में यह अपनी तरह का फैसला है जहां विस्थापन को पुनर्वास के आश्रय में समझा जा रहा है। बेशक उजडऩे की सिसकियां कभी कम नहीं होतीं, लेकिन विकास की गति में आर्थिकी के जिस पड़ाव पर हिमाचल खड़ा है, वहां भूमि पर नक्शे भी बड़े करने होंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में कांगड़ा एयरपोर्ट का नक्शा लगातार फैलता रहा और अब अपने मुकाम पर आकर बता रहा है कि इसके विस्तार की अनिवार्यता में यह सदी नई कहानी लिखेगी। शायद कल जब एयरपोर्ट विस्तार की खूंटियां स्पष्ट नजर आएंगी, तो हम बच्चों को कहानी सुनाएंगे, 'एक था गगल का कस्बा' या बताएंगे कि फलां बाजार कांगड़ा एयरपोर्ट ने बसाया।

## गतिशील निषेधात्मक आदेश जारी कर कॉपीराइट की नकल रोकने के सशक्त प्रयास किए

# अब बौद्धिक क्षमता की बढ़त जरूरी

डा. जयंतीलाल भंडारी

आईपी सूचकांक के तहत शीर्ष क्रम पर जिन 10 देशों की अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनमें क्रमशः संयुक्त राज्य अमरीका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड, स्पेन तथा स्विट्जरलैंड हैं। बौद्धिक सम्पदा में आविष्कार, रचनात्मक कार्य, कलात्मक कार्य, डिजाइन, कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, शोध व नवाचार शामिल हैं। गौरतलब है कि इस नई आईपी रिपोर्ट में भारत की बौद्धिक सम्पदा आधारित नवाचार गतिविधियों की प्रशंसा की गई है और कहा गया है कि भारत बौद्धिक नवाचार के जरिये अर्थव्यवस्था को और तेजी से बढ़ाने की संभावनाओं वाला देश है।

**इन** दिनों देश और दुनिया में बौद्धिक सम्पदा विषयों पर प्रकाशित हो रही रिपोर्टों को पढ़ा जा रहा है। इनमें कहा जा रहा है कि भारत के तेज विकास के लिए नवाचार और बौद्धिक सम्पदा की डगर पर तेजी से बढऩा जरूरी है। हाल ही में अमरीकी उद्योग मंडल 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से 42वें स्थान पर है, पिछले वर्ष भी भारत इसी क्रम पर स्थित था। आईपी सूचकांक के तहत शीर्ष क्रम पर जिन 10 देशों की अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनमें क्रमशः संयुक्त राज्य अमरीका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड, स्पेन तथा स्विट्जरलैंड हैं। बौद्धिक सम्पदा में आविष्कार, रचनात्मक कार्य, कलात्मक कार्य, डिजाइन, कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, शोध व नवाचार शामिल हैं। गौरतलब है कि इस नई आईपी रिपोर्ट में भारत की बौद्धिक सम्पदा आधारित नवाचार गतिविधियों की प्रशंसा की गई है और कहा गया है कि भारत बौद्धिक नवाचार के जरिये अर्थव्यवस्था को और तेजी से बढ़ाने की संभावनाओं वाला देश है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आईपी मापदंड़ों के मद्देनजर भारत का आकार और आर्थिक रसूख वैश्विक पटल पर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने कॉपीराइट अधिकारों के उल्लंघन पर गतिशील निषेधात्मक आदेश जारी कर कॉपीराइट की नकल रोकने के सशक्त प्रयास किए हैं। इसके अलावा आईपी- आधारित कर रियायतें देकर और नकली उत्पादों के बारे में जागरूकता फैलाकर भी भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। यदि हम बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को देखें तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढऩे का प्रयास कर रहा है। लेकिन अभी भी देश के तेज विकास के ऊंचे लक्ष्यों के लिए बौद्धिक संपदा शोध और नवाचार में भारत को ऊंचाई प्राप्त करना जरूरी है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) 2023 की रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में भी भारत 40वें पायदान पर दिखाई दे रहा है। खास बात यह भी है कि इस सूचकांक में भारत 37 निम्न-मध्यम-आय समूह अर्थव्यवस्थाओं के बीच अग्रणी बनकर



उभरा है। साथ ही भारत नवाचार के संबंध में मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊपर है। बौद्धिक सम्पदा शोध एवं नवाचार की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार तेजी से समय के साथ आधुनिक हो रहे हैं। कृषि से संबंधित चुनौतियों के समाधान के लिए भारत ने जिस तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया, उससे भारत कृषि विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे विविध क्षेत्रों में अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में घरेलू कारोबार में सरलता, विदेशी निवेश जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। भारत की शोध एवं नवाचार ऊंचाई में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्टअप और यूनिकॉर्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है। कोविड-19 भारत में नए चिकित्सकीय शोध और नवाचार को बढ़ावा देने का भी एक अवसर बना है। भारत बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, डिजिटल, कृषि, शिक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। आज भारत में करीब 1.25 लाख स्टार्टअप हैं, जिनमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार के बहुआयामी लाभ होते हैं। इनके आधार पर किसी देश में विभिन्न देशों के उद्यमी और कारोबारी अपने उद्योग-कारोबार शुरू करने संबंधी निर्णय लेते हैं। पूरी दुनिया के विभिन्न देशों की सरकारें भी ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स को ध्यान में रखकर अपने वैश्विक उद्योग-कारोबार के रिश्तों के लिए नीति बनाने की डगर पर बढ़ती हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध और विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते हुए अमरीका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स के तेजी से बढऩे से भारत में ख्याति प्राप्त वैश्विक फायनेंस और कॉमर्स कंपनियां अपने कदम तेजी से बढ़ा रही हैं। यद्यपि भारत के विकास में बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े तीन आधारों की बढ़ती भूमिका दिखाई दे रही है, लेकिन इन आधारों से विकास को ऊंचाई देने के लिए इस क्षेत्र में सरकार व निजी क्षेत्र का परिव्यय बढ़ाना होगा। इस समय भारत में आर एंड डी पर जीडीपी का करीब 0.67 प्रतिशत ही व्यय हो रहा है। दुनिया के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब दो फीसदी शोध एवं विकास में व्यय किया जाता है। यूरोपीय संघ में आर एंड डी पर जीडीपी का करीब 2 प्रतिशत तथा अमरीका, जापान और अन्य कई विकसित देशों में इस पर 3 फीसदी से भी अधिक व्यय किया जा रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार पर खर्च ब्रिक्स देशों की तुलना में कम है और विश्व औसत 1.8 फीसदी से भी कम है। इस समय देश में निजी क्षेत्र का आर एंड डी पर खर्च जीडीपी के करीब 0.35 फीसदी के स्तर पर है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार की अहमियत को समझते हुए इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए दिखाई दे रही है। वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने उभरते क्षेत्रों में नवाचार और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपए के कोष की स्थापना करने की घोषणा की है।

दृष्टि कोण

# वरिष्ठ नागरिकः महंगा है अकेले सेवानिवृत्ति के बाद जीवनयापन, जानें ऐसा क्यों

**जब** आपका पाला सेवानिवृत्त हो चुके और होने वाले लोगों से पड़ता है तो कई बार किसी बात के लिए आपकी आलोचना जरूर हो सकती है। हाल ही में मैं अलग-अलग अवसरों और जगहों पर दो अनोखे लोगों से मिला। उनमें सिर्फ एक ही समानता थी कि दोनों अविवाहित थे। एक की उम्र 63 वर्ष थी, जबकि दूसरे की 56 साल। हरि कोविड महामारी के दौरान सरकारी नौकरी में लंबे करियर के बाद सेवानिवृत्त हुए। उमा कुछ साल में सेवानिवृत्त होने वाली हैं। तलाक के बाद वह कई साल से अकेली रह रही हैं। बहुत से लोग मानते हैं कि किसी जोड़े के सेवानिवृत्त होने के लिए आवश्यक संख्या को दो से विभाजित करने का तरीका अकेले रिटायर होने वाले से ज्यादा सही है। पर, वास्तविकता यह है कि अगर आप अकेले हैं तो आपको जो चाहिए वह उससे अधिक है, जो आप तब प्राप्त करेंगे, जब आप रिटायरमेंट संख्या को दो से विभाजित करेंगे। हां, यह थोड़ा चिंताजनक लग सकता है, लेकिन सच है कि अगर आप अकेले सेवानिवृत्त होने वाले हैं तो जोड़े के रिटायरमेंट की तुलना में आपके खर्च अक्सर ज्यादा होते हैं। अकेले सेवानिवृत्त होने वालों के पास आवास, वाहन और घर चलाने जैसी चीजों की लागत साझा करने के समान अवसर नहीं होते हैं। इसलिए, उन्हें रिटायर के लिए अधिक बचत करनी होगी। अगर आप अकेले हैं और बच्चों का पालन-पोषण नहीं कर रहे हैं तो ऐसे में आपके पास अपनी उम्र के 30 और 40 के दशक के दौरान बचत करने के कहीं अधिक अवसर होते हैं। जिनके पास बच्चों के लिए धन, घर और कई अन्य चुनौतियां होती हैं और जिनका सामना उन्हें परिवार के पालन-पोषण करते समय करना पड़ता है, उनको ज्यादा खर्च करना होता है। वास्तविकता यह



है कि प्रति व्यक्ति खर्च बहुत अधिक है, इसलिए जब रिटायरमेंट की योजना बना रहे हों तो इस पर विचार करने की जरूरत है। परिवारों की तुलना में सिंगल लोग लाइफस्टाइल पर अनजाने में अधिक खर्च करते हैं और इसे वे अपना भी लेते हैं। उदाहरण के लिए, जब एक छोटी कार से भी काम हो सकता है तो भी अकेला व्यक्ति सेडान खरीद लेता है। इसके विपरीत, एक दंपती रिटायरमेंट के करीब एक छोटी कार ही पसंद करेगा। सिंगल लोगों को 60 वर्ष की आयु तक समान उम्र वाले जोड़े की तुलना में रिटायर होने पर लगभग 15-20 फीसदी अधिक बचत की जरूरत होगी। रिटायरमेंट बचत से 4-6 फीसदी निकासी यह पता लगाने का एक आसान तरीका है कि रिटायर होने पर आपको वास्तव में कितने पैसे की आवश्यकता होगी। इसका मतलब है कि 4 फीसदी का रेट पाने के लिए आपको रिटायर होने पर वास्तव में जितना पैसा निकालना होगा, उससे 25 से 30 गुना की आवश्यकता होगी। मैंने सेवानिवृत्ति के प्रति दृष्टिकोण को समझने के लिए हरि व उमा दोनों से बातचीत करना शुरू किया। हरि ने कहा, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल व सुरक्षा जैसी कुछ सामान्य सुविधाओं की बात आती है तो साझा लागत का लाभ उठाने के लिए वह रिटायरमेंट कम्युनिटी में चले गए हैं। दूसरी ओर, उमा ने कुछ साल पहले 50 साल की उम्र में उच्च अध्ययन के लिए अपनी लंबी नौकरी से छुट्टी ले ली थी। अब वह अपनी कंपनी में एक बड़े पद, जिम्मेदारी और वेतन पर वापस आ गई हैं, लेकिन इस नए बदलाव ने उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र को 70 साल तक कर दिया है। एक महत्वपूर्ण पहलू जो सिंगल लोगों के लिए चुनौती बन सकता है, वह है उनका स्वास्थ्य। अक्सर अकेले रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य की देखभाल महंगी साबित होती है। सिंगल लोगों के लिए रिटायरमेंट लागत अधिक होती है क्योंकि खर्च साझा करने वाला कोई नहीं होता है। उदाहरण के लिए, यात्रा करते समय होटल के डबल रूम की लागत सिंगल रूम की तुलना में थोड़ी अधिक हो सकती है। लेकिन, दो लोगों के डबल रूम में ठहरने की प्रति व्यक्ति लागत सिंगल कमरे की तुलना में कम हो जाती है। अमूमन, किसी कपल को जिन चीजों के लिए 100 रुपये की जरूरत होगी, उसके लिए अकेले व्यक्ति को 60 से 70 रुपये खर्च करने होंगे।

कुछ अलग

# शुचिता के सवाल

**चर्चित** कहावत रही है कि प्रेम व युद्ध में सब कुछ जायज मान लिया जाता है। अब इसमें राजनीति को भी शामिल मान लिया गया है। सत्ता के समीकरणों के लिये राजनीति की मुख्यधारा में शामिल होने के बाद शुचिता का प्रमाणन हो ही जाता है। फिर एक विज्ञापन की तर्ज पर कहा जाता है कि ये दाग अच्छे हैं। ये स्थिति हाल-फिलहाल ही नहीं, देश के राजनीतिक परिदृश्य में दशकों से जारी रही है। राजनीतिक सुविधा के हिसाब से गुण-दोषों की व्याख्या की जाती रही है। कहावत भी है- समरथ को नहीं दोष गुसांईं। जैसे सबल व्यक्ति के दोषों को भी गुणों की तरह दर्शाया जाता है, वैसे ही राजनीति की मुख्यधारा में भी अवगुणों को गुण रूप में दर्शाने का विमर्श वक्त की हकीकत है। हाल फिलहाल के दौर में कई राजनेताओं के हृदय परिवर्तन और दल बदलने पर शुचिता के जुमले आम हैं। विपक्षी दल ऐसा ही कुछ सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने के आठ माह बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल से जुड़े एक मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट लगने के बाद कह रहे हैं। उनके अक्सर आरोप होते हैं कि राजनीतिक भयादोहन के लिये सरकारी एजेंसियों का उपयोग किया जाता रहा है। दरअसल, प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ एयर इंडिया व इंडियन एयरलाइन्स विलय मामले में विसंगतियों के खिलाफ सीबीआई ने रिपोर्ट दर्ज की थी। उल्लेखनीय है कि अजित पवार वाला एनसीपी घटक कुछ माह पूर्व राजग में शामिल हो गया थी। दरअसल, एयर इंडिया व इंडियन एयरलाइन्स विलय के समय प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के पद पर थे। उसी दौरान एक मामले में उनके क्रियाकलापों को संदिग्ध बताया गया था। तब इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के साथ ही प्रवर्तन निदेशालय ने भी उनसे पूछताछ की थी। उन पर मुनाफे वाले रूट्स के जरिये अपने एक मित्र को लाभ पहुंचाने का आरोप लगा था। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की एक अदालत एक मामले में क्लोजर रिपोर्ट पर अगले माह के मध्य में विचार करेगी। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक में 'माइनिंग किंग' के नाम से चर्चित जनार्दन रेड्डी की भाजपा में वापसी भी चर्चाओं में है। कहा जा रहा है कि यह प्रसंग राजग के 'अबकी बार,चार सौ पार' की मुहिम का हिस्सा है। रेड्डी का इतिहास खासा विवादों में रहा है और उन्हें खनन की दुनिया का बड़ा खिलाड़ी कहा जाता है। उनका नाम एक बड़े अयस्क कदाचार मामले में जोड़ा जाता रहा है। इसके अलावा कई अन्य मामलों के चलते भाजपा ने कालांतर उनसे दूरी बना ली थी। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले कल्याण राज्य प्रगति पक्ष पार्टी बनाकर वे खुद भी विधानसभा पहुंचे थे और उनके भाई व अन्य पारिवारिक सदस्यों ने अच्छे-खासे वोट अपने इलाके में हासिल किये थे। अब जबकि राज्य में कांग्रेस सत्ता में है तो भाजपा ने जनाधार बढ़ाने के लिये रेड्डी की पार्टी में वापसी की राह सुनिश्चित की है। हालांकि, एक समय रेड्डी से बात करने से भी पार्टी के बड़े नेता कतराते थे, अब वे ही माइन्स किंग की वापसी को सुखद बता रहे हैं। उनकी अपनी-अपनी दलीलें हैं। यहां तक कि रेड्डी की पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात हुई है। इस पर जनार्दन रेड्डी की दलील है कि उनका तो पार्टी में ही जन्म हुआ है, यह तो घर वापसी हुई है। राजनीतिक पंडित बता रहे हैं कि पिछले विधानसभा चुनाव में न केवल जनार्दन रेड्डी विधानसभा के लिये चुने गए थे बल्कि बेल्लारी विधानसभा सीट से भी उनकी पत्नी को एकमुश्त वोट मिले थे। इसके अलावा उनकी पार्टी के कई नेताओं को भी ठीक-ठाक वोट मिले थे। जाहिर है रेड्डी के पार्टी से बाहर रहने को भाजपा अपने वोट बैंक में बिखराव के तौर पर देख रही थी।

देश दुनीया से

# राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब ज़ब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता।

**भारतीय** राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर ज़ब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब ज़ब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ। दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोपी प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है। हम यह भली भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अण्णा हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अण्णा हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे



रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अण्णा हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अण्णा हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अण्णा हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तब ही धुंआ उठता है और इस धुंए का कालिमा किस किस के शक्ल को बिगाड़ने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है। केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया।

आप का नजरीया

# दिल्ली में राष्ट्रपति शासन!

**क्या** अद्र्धराज्य दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है? यह स्थिति 2014 में भी आई थी। तब आम आदमी पार्टी (आप) की अल्पमत सरकार थी और कांग्रेस के बाहरी समर्थन पर आश्रित थी। मुख्यमंत्री केजरीवाल ही थे। वह जनलोकपाल बिल पेश करने की जिद पर थे, लेकिन उसे रोका जा रहा था। नतीजतन 49 दिन की केजरीवाल सरकार ने इस्तीफा दे दिया और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन चस्पां कर दिया गया। अब 2024 में स्थितियां और राजनीतिक समीकरण बिल्कुल भिन्न हैं। दिल्ली विधानसभा में 'आप' और केजरीवाल के पक्ष में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत है। कुल विधायक 70 होते हैं। ऐतिहासिक जनादेश वाली, विश्वास मत प्राप्त, सरकार कार्यरत है। बेशक मुख्यमंत्री केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में बीते 10 दिन से हैं, लेकिन उन्होंने और 'आप' प्रवक्ताओं ने बार-बार दोहराया है कि मुख्यमंत्री जेल से ही सरकार चलाएंगे। बेशक संविधान और कानून इस संदर्भ में खामोश हैं कि भ्रष्टाचार का आरोपित और हिरासत में कैद एक मुख्यमंत्री सलाखों के पीछे से ही सरकार चला सकता है अथवा नहीं। संविधान कई मामलों में खामोश है। शायद हमारे संविधान के रचनाकारों ने ऐसी स्थितियों की कल्पना ही नहीं की होगी! लेकिन इस तरह सरकार चलाने में कई व्यावहारिक और संवैधानिक बाधाएं तो आती हैं। संवैधानिक पद पर बैठे राजनेता की नैतिकता का भी कोई तकाजा है। 'आप' नेताओं की जो जिद है, वह असमर्थनीय और प्रतिकूल है। हिरासती मुख्यमंत्री किसी विचाराधीन सरकारी आदेश को अपनी पत्नी और वकील से भी साझा नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जो आदेश, उनके मंत्रियों ने, सार्वजनिक तौर पर पढ़े हैं, उन्हीं पर सत्ता के गलियारों में चर्चाएं जारी हैं कि क्या वे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ही जारी किए थे? क्या मुख्यमंत्री ऐसा कर सकते हैं? हिरासत में मुख्यमंत्री कोई बैठक तक नहीं कर सकते या आदेश की किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। एक साथ तीन से अधिक मुलाकाती हिरासती मुख्यमंत्री से मिल नहीं सकते। कैबिनेट की बैठक बुलाने का आदेश नहीं दे सकते। यदि उपराज्यपाल या मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के विचारार्थ कोई फाइल भेजते हैं, तो उसे केजरीवाल तक कौन पहुंचाएगा? गोपनीयता भंग होने के आसार पूरे हैं। लिहाजा इस संदर्भ में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का हालिया बयान बेहद महत्वपूर्ण और रणनीतिक है। संभव है कि भारत सरकार के स्तर पर यह विचाराधीन है कि क्या दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की स्थितियां बन चुकी हैं? क्या दिल्ली सरकार में संवैधानिक मशीनरी अस्थिर हो गई है? अनुच्छेद 239-बी पर भी बहस शुरू हो चुकी है कि क्या राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली सरकार से संबंधित अनुच्छेद को बर्खास्त कर सकती हैं? फिलहाल स्थितियां मुख्यमंत्री केजरीवाल के पक्ष में हैं कि यदि वह अपने पद से इस्तीफा देते हैं, तो उपराज्यपाल वैकल्पिक मुख्यमंत्री के लिए उनकी पसंद जानने की कोशिश कर सकते हैं। यदि सरकार बर्खास्त कर दी गई, तो 'आप' और सरकार के भीतर मुख्यमंत्री बनने की होड़ मच सकती है। 'आप' के नेता कोई संत नहीं हैं। फिलहाल मौजूदा सरकार के लिए फरवरी, 2025 तक का जनादेश है।

## जोधपुर से गृहमंत्री अमित शाह की हुंकार

# कितने भी दल एकत्रित हो जाओ, आएगा तो मोदी ही

**जोधपुर ( हिंस )।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को जोधपुर के पोलो मैदान में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि घमंडिया गठबंधन, जिसे परिवार के अलावा किसी की भी चिंता नहीं है, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहे हैं। लोकतंत्र के खतरे में होने की दुहाई दे रहे हैं। भले ही कितने ही दल एकत्रित हो जाएं, आएगा तो मोदी ही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाने का संकल्प दिलाया। शाह ने कहा कि इस बार एनडीए गठबंधन 400 पर होगा और भाजपा अपने दम पर 370 से ज्यादा सीटें जीतेगी। शाह ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर आप अपने बेटे को जिताने से फ्री हो जाएं तो मेरी बात का जवाब देना। मैंने तो आज सार्वजनिक रूप से हिसाब दे दिया है। आप दिन तय कर लेना, हमारे युवा मोर्चा के अध्यक्ष को खुली चर्चा के लिए भेज दूंगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपीए की सरकार ने देश के भविष्य को अंधकार में डाल दिया था। दस साल मनमोहन सिंह की सरकार थी। देश में आए दिन बम धमाके होते थे लेकिन नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद आतंकवादियों ने उरी और पुलवामा में धमाके कर बड़ी गलती कर दी। हमने 10 दिन के अंदर ही सर्जिकल और एयरस्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने का काम किया। पीएम ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर पर ला दिया था। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की अर्थव्यवस्था को पांचवें नंबर पर ला दिया है। आज मैं मोदी की गारंटी बताने आया हूं, तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो, भारत की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर आ जाएगी। शाह ने कहा कि एक वक्त था जब लोग कहते थे कश्मीर से अनुच्छेद 370 हट नहीं सकता लेकिन पीएम मोदी ने इसे समाप्त कर कश्मीर में तिरंगा लहराने का काम किया है। राम मंदिर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति के कारण इसे कभी बनने नहीं देती लेकिन आज हमने भव्य मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा होते हुए देखी है। इस दौरान अमित शाह विपक्षी गठबंधन पर भी जमकर भड़के। उन्होंने कहा कि इस घमंडिया गठबंधन को अपने परिवार के अलावा किसी



की भी चिंता नहीं है। अशोक गहलोत, लालू यादव, उद्धव ठाकरे और स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी भी अपने भतीजे को सीएम बनाने का सपना देख रहीं हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं लेकिन किसी को भी जनता की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी भ्रष्टाचार करेगा, उसे जेल में डाल दिया जाएगा। राजस्थान में भी भजनलाल सरकार ने पेपर लीक के भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा है। शाह ने ईआरसीपी को लेकर गहलोत पर तंज कसते हुए कहा कि ईआरसीपी का वादा किया तो सब लोग हंस रहे थे, गहलोत जी को पूछ रहे थे कहां से लाएंगे। गहलोत जी- भजनलाल तो पहली बार मुख्यमंत्री बने हैं, पांच महीने में ही ईआरसीपी को जमीन पर उतारने का काम कर दिया। उन्होंने कहा कि पांच साल के अंदर राजस्थान में जगह-जगह पर बहुसंख्यकों के धार्मिक स्थानों पर हमला हुआ। कन्हैयालाल को मार दिया गया। कई सारे लोगों को मार दिया गया। ये तुष्टीकरण करने वाले लोग हैं। हमारा मत है न्याय सभी के साथ होगा, तुष्टीकरण किसी के साथ नहीं होगा। ये लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे हैं। राहुल बाबा आपकी दादी ने इमरजेंसी में लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था। राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध लगाया। आपको लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं हैं। शाह ने कहा कि ये जो कुनबा शामिल हुआ है। कल इन्होंने कहा, लोकतंत्र बचाओ। क्यों, क्या हो गया लोकतंत्र को। आप काहे को लोकतंत्र को बचाने की बात कर रहे हो। कहते हैं कि हमारे नेता जेल में गए। आप बताओ कि 12 लाख करोड़ के घोटाले करेंगे तो जेल में जाएंगे या नहीं जाएंगे। राहुल बाबा सुन लो- क्यों फरियाद कर रहे हो। 2014 और 2015 में कहकर चुनाव लड़ा था, जो भ्रष्टाचार करेगा वो जेल की सलाखों के पीछे जाएगा। यहां पर भी जिन्होंने पेपर लीक में भ्रष्टाचार किया, उन्हें चुन-चुनकर जेल में डाला। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सवालिया लहजे में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से पूछा कि आपने घोषणा पत्र के कितने वादे पूरे किए और हमने कितने।

## हमीरपुर में तालाब में नहाने गए तीन मासूमों की डूबकर मौत

**हमीरपुर ( हिंस )।** बिंवार थाना क्षेत्र के कुनेहटा गांव में सोमवार दोपहर तीन मासूम बच्चों की एक साथ तालाब में डूबने से मौत हो गयी। बच्चों की मौत को लेकर जहां पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर मामले की जानकारी ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम कुनेहटा निवासी तीन दोस्त मोहित (12), विक्की (12) और दीपांशु वर्मा (10) दोपहर के वक्त गांव के बाहर बने तालाब में नहाने के लिए गए थे। खेल-खेल में नहाते समय गहरे पानी में चले गए। तीनों बच्चे तालाब के कीचड़ में बुरी तरह से धंस गए। हालांकि हादसे के कुछ समय बाद मोहित का शव पानी में उतराने लगा, जिसे आसपास के लोगों ने किसी तरह से पानी से निकाल कर कस्बे के सरकारी अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक की मौत के काफी समय बाद जब परिजनों ने दो अन्य बच्चों की तलाश की तो उनका कहीं सुराग नहीं लगा। उसके बाद ग्रामीणों ने तालाब में उतर कर बच्चों की तलाश शुरू की तो एक-एक कर दोनों बच्चों के शव भी तालाब से बरामद कर लिए गए जो कीचड़ में बुरी तरह से फंसे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि मोहित के परिजन काफी समय तक पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हुए और एसडीएम राजेश चंद्र सहित अन्य लोगों और जिम्मेदारों के कहने पर वह भी पोस्टमार्टम के लिए तैयार हो गए। मृतक मोहित अपने परिवार में तीन भाईयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। विक्की अपने परिवार में दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था और तीसरा मृतक दीपांशु अपने परिवार में दो बहनों के बीच अकेला भाई था। गांव में एक साथ तीन मासूमों की मौत को लेकर पूरे गांव में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी राकेश सरोज ने बताया कि तीनों के शवों को तालाब से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय पहुंचे पटना, जमकर बरसे विपक्ष पर

**पटना ( हिंस )।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को पटना पहुंचते ही विपक्ष पर जोरदार हमला करते हुए उन्हें लोकतंत्र का मतलब समझाया। नित्यानंद राय ने कहा कि विपक्ष की रैली पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाले ही आज लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे है। वह न तो लोकतंत्र को समझते है और न ही संविधान का मतलब। विपक्ष को तो सिर्फ परिवारवाद समझ आता है। उन्होंने कहा परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विपक्ष का सुपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा बिहार या अन्य किसी भी राज्य में महागठबंधन के जो लोग हैं उनके घोटाले, भ्रष्टाचार, उनके परिवारवाद की नीति को जनता खूब समझती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सही पुजारी प्रधानमंत्री हैं, जिनके नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है और आज लोकतंत्र का जो मूल मंत्र है, जिनको हमारे प्रधानमंत्री ने स्थापित किया है। उन लोगों को कुछ नहीं समझ में आता है। यह लोग संविधान का धज्जियां उड़ाते हैं लोकतंत्र के हत्यारे हैं।

## मोदी के लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है : मुख्यमंत्री योगी

**बुलंदशहर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल आयोजन नहीं है बल्कि यह हमारी पौराणिक पहचान को भी प्रदर्शित करता है। होली, दीपावली, विजयदशमी, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, शिवरात्रि और रामनवमी इन सभी कार्यक्रमों को लिए मैं बहुत पहले से आग्रह रहा हूं कि कार्यक्रम धूमधाम के साथ होने चाहिए। हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में गाना गया जाता था कि होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले, लेकिन दुख होता था कि गांव-गांव में लोग गा तो रहे हैं लेकिन अयोध्या में जहां आप रामलला के होली खेलने की बात कर रहे, वहां तो रामलीला है ही नहीं। योगी ने कहा कि 500 वर्षों बाद हमारी पीढ़ी कितनी सौभाग्यशाली है कि हमने अयोध्या में रामलला को होली खेलते हुए देखा है। पिछली सरकारों की दंगा पॉलिसी को भी आप लोगों ने देखा था। सरकार के संरक्षण में आम जनता की आवाज को किस कदर बंद कर दिया जाता था। व्यापारी, बेटी, नौकरी पेशेवाला, अन्नदाता, किसान और युवा का भविष्य असुरक्षित था। सुरक्षित तो केवल गुंडे थे या कुछ चंद परिवार थे। उन्होंने कहा कि जो गुंडे पहले सुरक्षित थे, आज असुरक्षित हुए हैं और जनता जनार्दन, बेटी और व्यापारी खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। योगी ने कहा कि हमारा एक वोट हमारी किस्मत को, हमारी तकदीर और तस्वीर को बदल सकता है या फिर बर्बादी के रास्ते पर भी ले जा सकता है। लेकिन इसका दुरुपयोग करोगे तो आपका वोट गलत हाथों में चला जाएगा। प्रधानमंत्री जब विदेश दौरे पर गए तो तत्कालीन इंग्लैंड के प्रधानमंत्री को खुर्जा का ओडीओपी क्रॉकरी को दिया था। उन्होंने कहा कि मैं आपके बीच इसलिए आया हूं कि समाज को मानसिक रूप से तैयार करने के लिए आप सबकी सबसे बड़ी भूमिका होने वाली है। शिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, व्यापारी समाज को दिशा और दशा देने का काम करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी सरकार के आने के पहले 15 सरकारें आ चुकी थीं। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार को छोड़ कर बाकी सरकारों में गरीब कल्याण की योजना क्यों नहीं बनी? तब क्यों फ्री में राशन नहीं मिल पा रहा था। तब क्यों नहीं गरीबों को सर रखने के लिए छत मिली थी? प्रधानमंत्री आवास योजना कहां थी ?तब गरीबों को स्वास्थ्य बीमा क्यों नहीं मिल पा रहा था? तब नौजवानों की नौकरियां क्यों नहीं थी? तब बेटी और व्यापारी को सुरक्षा कहां थी? सत्तारूढ़ दल समाज को जातिवाद के नाम पर बांटते रहे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल। उत्तर प्रदेश के माध्यम से हम सभी भारत के विकास में अपना योगदान देंगे।

## झारखंड में *आईएनडीआईए* गठबंधन को लगा झटका, सीपीआई ने चार सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**रांची ( हिंस )।** झारखंड में आईएनडीआईए गठबंधन में दरार आ गई है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने गठबंधन से नाता तोड़ लिया है। सीपीआई ने गठबंधन से अलग होकर चार सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। चतरा, लोहरदगा, पलामू और दुमका सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई है। पार्टी की प्रदेश इकाई ने गठबंधन में एक भी सीट नहीं मिलने पर यह फैसला किया है। पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर जारी पत्र के अनुसार, पलामू से अभय भुइयां, लोहरदगा से महेंद्र उरांव, चतरा से अर्जुन कुमार और दुमका से राजेश कुमार किस्कू उम्मीदवार बनाए गए हैं। पार्टी के सचिव महेन्द्र पाठक और पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया कि पार्टी कुछ और सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद कुमार



पांडेय ने सोमवार को बताया कि पहले हमारी पार्टी गठबंधन का हिस्सा थी, लेकिन अब हम स्वतंत्र रूप से झारखंड के चुनाव मैदान में हैं। हमने गठबंधन के तहत सिर्फ एक सीट हजारीबाग देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने इसे नहीं माना। हमारी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद ने राज्य कमेटी को इसपर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया था। हजारीबाग सीट पर सीपीआई के भुवनेश्वर मेहता वर्ष 1991 और 2004 में चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इसी आधार पर पार्टी इस सीट पर दावेदारी कर रही थी। आईएनडीआईए गठबंधन में इस बार हजारीबाग सीट कांग्रेस को दी गई है, जहां से मांडू क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल उम्मीदवार बनाए गए हैं। गठबंधन ने राज्य में सीट शेयरिंग का जो फॉर्मूला तैयार किया है, उसमें वामपंथी दलों में मात्र सीपीआई एमएल को कोडरमा की एक सीट दी गई है। इस सीट पर बगोदर क्षेत्र के सीपीआई एमएल विधायक विनोद सिंह उम्मीदवार बनाए गए हैं। सीपीआई की ओर से गठबंधन में से सिर्फ हजारीबाग लोकसभा सीट मांगी गई थी। पार्टी की ओर से तर्क दिया गया था कि हजारीबाग से सीपीआई के पूर्व राज्य सचिव भुवनेश्वर प्रसाद मेहता दो बार सांसद रह चुके हैं। पार्टी का वहां व्यापक जनाधार है, इसलिए हजारीबाग सीट पर सीपीआई का दावा बनता है लेकिन गठबंधन में हजारीबाग सीट कांग्रेस के खाते में चली गई है। कांग्रेस ने विधायक जेपी पटेल को हजारीबाग से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके बाद सीपीआई ने गठबंधन से अलग होने का फैसला लिया।

## इंडी गठबंधन के पास ना ही कोई नीति है, ना ही नेता है और ना ही नियत है : मुकेश दाधीच

**जयपुर ( हिंस )।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने आज भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए *इंडी गठबंधन* को बिना नेता, नीति और नियत वाला बताया। मुकेश दाधीच ने कहा कि कल दिल्ली में इंडी गठबंधन की जो रैली हुई उसका उद्देश्य भ्रष्टाचारियों को बचाना था। इस रैली को लेकर भी इस गठबंधन में एकराय नहीं थी। आम आदमी पार्टी ने कहा कि यह रैली केजरीवाल के समर्थन में रैली हुई है, जबकि कांग्रेस कह रही थी कि यह रैली किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं है ये तो गठबंधन की रैली है। इसलिए मुझे यह कहने में कतई संकोच नहीं है कि इस गठबंधन के पास ना तो कोई नेता है, ना नीति है और ना ही इनके पास नेक नियत है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में जब राजनीतिक पार्टियों के बीच गठबंधन



होता है तो सीटों के बंटवारे को लेकर एक फॉर्मूला बनता है, लेकिन इस गठबंधन में ऐसा कुछ नहीं है। इंडी एलायंस की एक नेता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कांग्रेस पर आरोप लगाती हैं कि कांग्रेस भाजपा को चुनाव जितवा रही है, तो वहीं आम आदमी पार्टी दिल्ली में इनके साथ होती है पंजाब में गठबंधन से मना कर देती है। कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के लिए यूपी के अमेठी और रायबरेली में उम्मीदवार ही नहीं मिल रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में कहा था कि *ना खाऊंगा ना खाने दूंगा* उसी संकल्प के साथ भाजपा ने जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करने का मौका दिया है। जब एजेंसियां भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं तो भ्रष्टाचारियों के पेट में दर्द हो रहा है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के चरित्र की बात करें तो कोई नेता बेल पर है, तो कोई पैरॉल पर, तो किसी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की 140 करोड़ लोगों की सेवा करने के लिए कृत संकल्पित हैं। 2014 के बाद देश को तीन तरह से नई दिशा देने का काम किसी ने किया है तो वह नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होने पहली बार देश में विकास के नाम पर वोट मांगना, गरीबों का कल्याण करना, राष्ट्रीय स्वाभिमान को जगाना, विकसित भारत का विजन, गरीबों के जीवन को सरल बनाया है। भाजपा का एक ही चेहरा है और वह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। हम 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता के बीच इन्ही मुद्दों को लेकर जाएंगे और अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करेंगे।

## बारामूला में पांच लोगों पर पीएसए के तहत मामला दर्ज

**बारामूला ( हिंस )।** बारामूला जिले में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए पांच लोगों पर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा राष्ट्र-विरोधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए बारामूला में पुलिस ने सक्षम प्राधिकारी से औपचारिक हिरासत आदेश प्राप्त करने के बाद सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत पांच लोगों पर मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि पांचों आरोपियों की पहचान आसिफ अली भट, मोहम्मद याकूब भट, वसीम मेहराज फराश, बशीर अहमद सुआलिया और बिलाल अहमद डार उर्फ शाकिर के रूप में की गई है। प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है और बाद में जिला जेल उधमपुर और सेंट्रल जेल कोट भलवाल जम्मू में रखा गया है।

## उप्र में अब तक पांच लाख से अधिक लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए

**लखनऊ ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव-2024 को उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अब तक 5, 33, 797 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को यह बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 513 अन्तरराज्यीय चेक पोस्ट एवं 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किए गए हैं। पुलिस विभाग ने अब तक 5, 33, 797 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 447 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए हैं। 3, 864 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए हैं। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 15, 25, 683 लोगों को पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 3, 129 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 3, 422 कारतूस, 47 किलोग्राम विस्फोटक व 145 बम बरामद कर सीज किया है। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले 701 केंद्रों पर रेड डाली और 67 केंद्रों को सीज किया गया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 31 मार्च को पुलिस विभाग द्वारा 23, 627 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 33 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। दो लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 86, 395 लोगों को पाबंद किया गया। साथ ही 237 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 227 कारतूस, 08 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले 75 केंद्रों पर रेड डाली गई और 04 केंद्रों को सीज किया गया।

## नेपाल के बीरगंज में पकड़े गए चीनी नागरिक भारत समेत कई देशों में कर रहे थे ऑनलाइन ठगी

**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** जिले के रक्सौल अनुमंडल से सटे नेपाल के बीरगंज शहर से पकड़े गए तीन चीनी नागरिकों का तार भारत में ऑनलाइन ठगी और अंतर्राष्ट्रीय कॉल बाईपास के धंधे से जुड़ा है। यह भारत नेपाल सीमा पर रहकर नेपाल, भारत, बांग्लादेश व पाकिस्तान समेत कई अन्य देशों के नागरिकों को ऑनलाइन ठगी कर चुना लगा रहे थे। नेपाल के बीरगंज पुलिस के प्रवक्ता डीएसपी कुमार विक्रम थापा ने बताया कि गत कुछ दिनों से बिहार पुलिस से इनपुट मिला था कि नेपाल के बीरगंज से ऑनलाइन ठगी के धंधे का संचालन किया जा रहा है, जिसके बाद ऐसे लोगो पर नजर रखी जा रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि बीरगंज के अलग-अलग स्थानों पर कुछ लोग ऑनलाइन धंधे के संदिग्ध गतिविधियो में संलिप्त हैं। जिसके बाद नेपाल पुलिस टीम ने तीन अलग-



अलग स्थानों पर दबिश दिया, जहां से तीन चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर वीरगंज के लक्ष्मनवा में छापेमारी की गई। जहां इनलोगो ने एक मकान में बकायदा दफ्तर खोल रखा था। जहां उसे कॉल सेंटर का नाम देकर कई संदेहास्पद गतिविधि को अंजाम दिया जा रहा था, जिसकी जांच की जा रही हैं। डीएसपी विक्रम थापा ने बताया कि पकड़े गए तीनों चीनी नागरिकों की पहचान हुनान प्रांत के 33 वर्षीय लुई गुइ चाई, हुवेई प्रांत के 26 वर्षीय वांग बोहांग और हुबेई प्रांत के 36 वर्षीय सियांग जियाओ के रूप में की गई है। इनके कमरे से छापामारी के दौरान पुलिस ने 120 कंप्यूटर डेस्कटॉप, 118 मॉनिटर, 4 लैपटॉप, तीन पासपोर्ट, 1 प्रिंटर, एक दर्जन मोबाइल फोन और 13 से अधिक भारतीय सिमकार्ड और एटीएम कार्ड भी बरामद किया है।

## राम बारात के समय हुई मारपीट को लेकर मुस्लिम समाज ने ज्ञापन देकर दी सफाई

**कोटा ( हिंस )।** कैथून कस्बे में निकल रही राम बारात के समय हुई मारपीट के मामले को लेकर मुस्लिम समाज ने पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू व कैथून नगर पालिका अध्यक्ष आइना महक की अगुवाई में मुस्लिम समाज के चुनिंदा लोगों ने आईजी को ज्ञापन देकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मुस्लिम समाज के लोगों का कहना है कि चुनाव के समय कुछ लोग कस्बे का माहौल खराब करना चाहते है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो। लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू ने कहा कि कैथून में मदीना मस्जिद है। शुक्रवार दोपहर को मस्जिद में नमाज हो रही थी। उसी दौरान मस्जिद के सामने से राम बारात निकल रही थी। शोर शराबा होने पर कुछ लोगों ने मना किया होगा। इसी बात को लेकर धक्का मुक्की व कहासुनी हुई। बाद में थाने पर प्रदर्शन किया। एक युवक की थाने के पास पिटाई कर दी। जिले में धारा 144 लगी हुई है। हमारी मांग है कि शांति बनी रहे। बरसों से लोग साथ रहते आए हैं। सब लोग अपने अपने त्योहार को अपने अपने हिसाब से मनाएं, मिलकर मनाएं। सभी लोगों का उसमें फायदा है। आईजी को ज्ञापन देकर सारी बातों से अवगत करवाया है। कैथून नगर पालिका



अध्यक्ष आइना महक ने कहा कि वो 10 साल से पालिका अध्यक्ष हैं। आज तक ऐसा माहौल नहीं देखा, दोनों समुदाय प्रेम भाव से रहते हैं। शुक्रवार की घटना का कुछ राजनीतिक लोगों ने नेतृत्व किया, और भीड़ को उकसाने की कोशिश की। मजबूरन पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। कुछ लोग कस्बे के माहौल खराब करना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव में कुछ लोग राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए लड़ाई-झगड़ा करवाना चाहते हैं। कस्बे के माहौल खराब करना चाहते हैं। हमारी मांग है कि जो लोग शांति भंग कर रहे हैं और कस्बे का माहौल खराब करना चाहते हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। जिससे कस्बे में शांति बनी रहे और आगे से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। गौरतलब है कि कोटा के कैथून में 29 मार्च को स्थानीय मेले में चल रही रामलीला से जुड़ी राम बारात निकाली जा रही थी, तभी मस्जिद के पास पीछे से आई भीड़ ने हमला बोल दिया। इस भीड़ ने डीजे और सारा सामान तो तोड़ा ही, महिलाओं तक को नहीं छोड़ा। भीड़ के इस हमले में कई हिंदू पुरुष और महिलाएं घायल हो गए। राम बारात में शामिल लोगों का आरोप है कि भीड़ ने बारात पर हमला कर दिया और डीजे बंद करवाकर तार और लैपटॉप तोड़ दिए। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। इसके बाद गुस्साए लोग थाने के बाहर इकट्ठा हो गए और भीड़ पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी संख्या में जुटे लोगों ने न्याय मांगा और नारेबाजी की, जिन्हें हटाने के लिए पुलिस ने जमकर लाठियां भांजी। इस मामले में ग्रामीण एसपी करण शर्मा ने कहा कि राम बारात निकल रही थी। मस्जिद के सामने से राम बारात निकल रही थी। इस दौरान नमाज चल रही थी. डीजे बजाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। किसी ने डीजे के वायर निकाल दिए। इसको लेकर दोनों पक्ष में कहासुनी हुई। कैथून कस्बे में होली के अवसर पर 7 दिनों का मेला लगता है। इस मेले में रामलीला का भी आयोजन किया जाता है। इसी रामलीला से जुड़ी राम बारात संकट मोचन हनुमान मंदिर से रवाना हुई, जिसे नहर कृषि मंडी नहर तक पहुंचना था। इस दौरान जब ये बारात मस्जिद के सामने से होकर गुजरी, तब मुस्लिमों ने राम बारात पर हमला कर दिया।



# भारत की बैंकिंग प्रणाली 10 वर्षों में मजबूत-टिकाऊ बनी आरबीआई के 90वें साल में प्रवेश करने पर बोले पीएम

**नई दिल्ली।**
आरबीआई के 90वें साल में प्रवेश करने पर पीएम मोदी ने देश की बैंकिंग व्यवस्था पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मैं आरबीआई के 80 साल पूरे होने के कार्यक्रम में शामिल हुआ था, तब स्थिति बहुत अलग थी। भारत का पूरा बैंकिंग क्षेत्र समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। हर कोई भारत की बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता और भविष्य को लेकर संशय में था।

पीएम के अनुसार स्थिति इतनी खराब थी कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक देश की आर्थिक प्रगति को पर्याप्त बढ़ावा देने में सक्षम नहीं थे। और आज, भारत की बैंकिंग प्रणाली को दुनिया में एक मजबूत और टिकाऊ बैंकिंग प्रणाली के रूप में देखा जाता है।

भारतीय रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में पीएम मोदी ने कहा, हमारी सरकार ने मान्यता, संकल्प और पुनर्पूंजीकरण की रणनीति पर काम किया। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की स्थिति में सुधार के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया, शासन से संबंधित सुधार किए। इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड की नई व्यवस्था से करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये के लोन का समाधान हुआ।

### प्रवर्तक के रूप में काम किया है।

कार्यक्रम के दौरान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, एक संस्था के रूप में आरबीआई का विकास भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय बैंक होने के नाते, आरबीआई ने बाजार व अर्थव्यवस्था के लिए एक प्रवर्तक के रूप में काम किया है।

### आज तेजी से बदल रही दुनिया

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि हाल के वर्षों में दिवाला और दिवालियापन संहिता के अधिनियमन और लचीले मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण को अपनाने जैसे सुधारों ने हमें बैंकिंग प्रणाली की चुनौतियों से निपटने और मूल्य स्थिरता को अधिक प्रभावी ढंग से बनाए रखने के कार्य में मदद की है। आज की दुनिया में हो रहे तेजी से हो रहे बदलावों को देखते हुए... रिजर्व बैंक लगातार उभरते रुझानों का मूल्यांकन कर रहा है और बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए आवश्यक नीतिगत उपाय कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में 25 साल के लिए जेल पहुंचा क्रिप्टो-अरबपति



**मुंबई।** दुनिया में क्रिप्टो किंग के नाम से मशहूर क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स के फाउंडर सैम बैंकमैन-फ्रायड कभी अरबों की संपत्ति के मालिक हुआ करते थे। सैम की कभी तूती बोला करती थी। सैम की नेटवर्थ 26 बिलियन डॉलर आंकी गई है। अब सैम को 25 साल जेल की सजा कटना होगा। वित्तीय धोखाधड़ी के दो साल पुराने मामले में अमेरिकी कोर्ट ने उन्हें 25 साल की सजा सुनाई है। सैम को अरबों डॉलर की धोखाधड़ी का दोषी पाया गया है। सैम बैंकमैन-फ्रायड की सजा की खबर से लोगों को बड़ा झटका लगा है। दो साल पुराने मामले में निवेशकों के अरबों रुपये डूब गए। सैम को एफटीएक्स की बर्बादी का दोषी पाया गया। इस अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी में से एक माना जा रहा है। एफटीएक्स कंपनी के फाउंडर सैम बैंकमैन-फ्रायड को क्रिप्टो-अरबपति और क्रिप्टो की दुनिया का सबसे दिग्गज निवेशक माना जाता था। सैम बैंकमैन ने अमेरिका के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पढ़ाई की है। सैम की शुरू से ही डिजिटल वर्ल्ड में दिलचस्पी थी। सैम ने साल 2013 में इंटरनेशनल ईटीएफ बिजनेस करने वाली एक कंपनी में काम किया। लेकिन, उनकी तकदीर बदली साल 2017 में, जब उन्होंने क्वांटिटेटिव ट्रेडिंग फर्म अल्मेडा रिसर्च की नींव रखी। इसमें अमेरिकी अरबपति कंप्यूटर प्रोग्राम जॉन टालिन ने भी पैसे लगाए। फिर जब अमेरिका के मुकाबले जापान में क्रिप्टो का दाम बढ़ गया, तब सैम ने मुनाफा कमाने की नई तरकीब निकाली।

### हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ 'अस्वीकार्य', इससे निपटने के लिए बीसीएएस ने कई कदम उठाए



**नई दिल्ली।** नागरिक विमाान सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के प्रमुख जुल्फिकार हासन ने कहा है कि हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ ''अस्वीकार्य'' है और इससे निपटने के लिए एजंसी ने इष्टतम मानक तथा उपकरण विकसित किए हैं। एजेंसी के प्रमुख हासन ने राष्ट्रीय राजधानी में 38वें बीसीएएस स्थापना दिवस समारोह में कहा कि आने वाले महीनों में हवाई अड्डों पर 'फुल-बॉडी स्कैनर' लगाए जाएंगे। हवाई अड्डों पर यात्रियों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित करेगी। हासन ने कहा, ''हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ अस्वीकार्य है।'' उन्होंने कहा कि इस मुद्दे के समाधान के लिए इष्टतम मानकों के साथ-साथ उपकरण भी विकसित किए गए हैं। उन्होंने कहा, बढ़ते हवाई यातायात के बीच, हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ तथा उड़ान में देरी को लेकर चिंताएं हैं। अधिकारियों ने मुद्दों से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। बीसीएएस के महानिदेशक ने कहा, ''वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखना एक चुनौती है।

### तेल कंपनियों ने घटाईं कमर्शियल और एफटीएल सिलेंडरों की कीमतें



**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर और पांच किलो एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) सिलेंडर की कीमतें कम कर दीं हैं। सूत्रों ने बताया कि 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब 30.50 रुपये कम की गई है। दिल्ली में एक अप्रैल से इसकी कीमत 1764.50 होगी। पांच किलो एफटीएल की कीमत अब 7.50 रुपये कम हो गई है। एक मार्च को तेल कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर की कीमतें 25 रुपये बढ़ा दी गई थी, जिसके बाद इसका दाम बढ़कर 1795 प्रति सिलेंडर हो गया था। बता दें कि एक फरवरी को इंडेन गैस सिलेंडर की कीमतें मेट्रो शहर दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में अलग अलग थी। एक मार्च के बाद से सभी मेट्रो शहरों में इंडेन गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि देखी गई। मार्च में सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 3,300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया था। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। अधिसूचना के मुताबिक, घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया गया था, लेकिन डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर को 1.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया था। इसके अलावा पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगने वाले कर को पहले की तरह शून्य रखा गया था। हालांकि, फिलहाल सिलेंडर की कीमतों को कम करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

वित्त वर्ष 2024-25 की धमाकेदार शुरुआत, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

# नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन निवेशकों ने की 6.38 लाख करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली।**
घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को नए वित्त वर्ष की धमाकेदार शुरुआत की। सोमवार के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना कर 7 मार्च 2024 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस मजबूती के कारण निवेशकों को एक दिन में ही 6 लाख करोड़ से भी अधिक का मुनाफा हो गया।

सोमवार के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार अभी तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। पहले घंटे के कारोबार के बाद बाजार में मुनाफावसूली भी शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.49 प्रतिशत और निफ्टी 0.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

सोमवार के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी और बैंकिंग इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों पर दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी सोमवार को लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.98 प्रतिशत की जोरदार छलांग लगा कर सोमवार को कारोबार का अंत किया।

सोमवार को बाजार में आए उछाल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सोमवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 393.35 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 386.97 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार के कारोबार से करीब 6.38 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

सोमवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,058 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 3,230 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। 674 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 154 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए।



एनएसई में सोमवार को 2,305 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,054 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 251 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स सोमवार को 317.27 अंक की मजबूती के साथ 73,968.62 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में चौतरफा लिवाली शुरू हो गई, जिसके कारण थोड़ी देर बाद ही ये सूचकांक 603.27 अंक उछल कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 74,254.62 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक ऊपरी स्तर पर अधिक देर तक टिका नहीं रह सका। पूरे दिन बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 363.20 अंक की तेजी के साथ 74,014.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने सोमवार को 128.10 अंक की बढ़त के साथ 22,455 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 203.05 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 22,529.95 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफावसूली का दबाव बनने पर इस सूचकांक की रफ्तार धीमी पड़ती हुई नजर आई। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी ने 135.10 की तेजी के साथ 22,462 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जेएसडब्ल्यू स्टील 5.03 प्रतिशत, टाटा स्टील 4.68 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 3.56 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 3.05 प्रतिशत और अडाणी पोर्ट्स 2.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ सोमवार के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

दूसरी ओर, आयशर मोटर्स 1.51 प्रतिशत, टाइटन कंपनी 1.67 प्रतिशत, नेस्ले 1.40 प्रतिशत, बजाज ऑटो 1.16 प्रतिशत और एलटी माइंडट्री 1.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ सोमवार के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# हम जल्द होंगे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, एसजीसीसीआई के कार्यक्रम में बोले जयशंकर




**सूरत।**
साउथ गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था, भारत-यूएई संबंध और फ्रांस से रिश्तों को लेकर खुलकर बातचीत की है। अपने संबोधन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आज हम दुनिया के शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है इससे साफतौर पर लगता है कि बहुत जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। मोदी की गारंटी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि यह किसकी गारंटी है। हमें पूरा विश्वास है कि अगले 25 वर्षों में हम भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना देंगे।

### यूएई में भारत के प्रति धारणा बदल गई- जयशंकर

साउथ गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-यूएई संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में यूएई में भारत के बारे में धारणा बदल गई है। उन्होंने हमारे साथ मुक्त व्यापार समझौता किया और आज यूएई के साथ व्यापार करीब 80 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। हमने वहां मंदिर बनाने के लिए अनुरोध किया था तो उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2016 में यूएई गए थे। उनसे पहले इंदिया गांधी आखिरी प्रधानमंत्री थी जिन्होंने यूएई का दौरा किया था।

### पिछले 10 वर्षों में हर साल 8-9 नए एयरपोर्ट बनाए- प्रसाद

विदेश नीति से जुड़े मुद्दों पर बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मुख्य अतिथि थे, तो मैंने उनका जयपुर एयरपोर्ट पर स्वागत किया था। जयपुर में उनकी यह पहली यात्रा थी। इस दौरान मैंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन को जानकारी दी कि भारत में पिछले 10 वर्षों में हर साल 8-9 नए एयरपोर्ट बनाए गए। 2014 में पूरे देश में मात्र 75 हवाई अड्डे थे, लेकिन आज यह संख्या दोगुनी हो गई है।

# वार्षिक क्लोजिंग: SBI की नेट बैंकिंग, मोबाइल सेवाएं बंद, HDFC में भी एनईएफटी सेवा नहीं

**नई दिल्ली।**
एसबीआई इंटरनेट बैंकिंग, योनो लाइट, योनो बिजनेस वेब व मोबाइल ऐप, योनो और यूपीआई एक अप्रैल को भारतीय समयानुसार 12.20 बजे से 15.20 बजे के बीच उपलब्ध नहीं होंगे। स्टेट बैंक ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। बैंक ने बयान में कहा कि ऐसा वार्षिक क्लोजिंग गतिविधि के कारण होगा। इस अवधि के दौरान यूपीआई लाइट और एटीएम की सेवाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा एक अप्रैल को 2,000 रुपये के नोटों को बदलने और जमा करने की सुविधा नहीं होगी। आरबीआई ने एक बयान में कहा, खातों के सालाना क्लोजिंग से जुड़े परिचालन की वजह से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोटों को बदलने/जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। यह सुविधा मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024 को फिर से शुरू होगी। आरबीआई ने 28 मार्च, 2024 को जारी एक अधिसूचना में यह बात कही थी।

वहीं, एचडीएफसी बैंक ने भी अपने ग्राहकों को सूचित किया है कि नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड




ट्रांसफर (एनईएफटी) संचालन 1 अप्रैल, 2024 को उपलब्ध नहीं होगा। बैंक ने कहा कि जो ग्राहक सेवा का उपयोग कर सकते हैं, वे कुछ देरी का सामना करना पड़ सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार, कई राज्यों के अधिकांश बैंक 1 अप्रैल, 2024 को वार्षिक क्लोजिंग होने के कारण बंद रहेंगे। इस दौरान अगरतला, अहमदाबाद, बेलापुर, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, देहरादून, गुवाहाटी, हैदराबाद (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना), इंफाल, ईटानगर, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोच्चि, कोहिमा, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पणजी, पटना, रायपुर, रांची, श्रीनगर और तिरुवनंतपुरम में बंद हैं।

# कांग्रेस से 1700 करोड़ की रिकवरी पर आयकर विभाग ने कहा-बलपूर्वक कार्रवाई नहीं करेंगे

**नई दिल्ली।**
आयकर विभाग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि आयकर मामले में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बलपूर्वक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आयकर विभाग की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने कहा कि 1700 करोड़ रुपये की रिकवरी के मामले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी। आयकर विभाग ने मामले की सुनवाई जून तक टालने की मांग की। मेहता ने कहा कि हम नहीं चाहते कि चुनाव के दौरान किसी राजनीतिक पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी करें।

**कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी याचिका**-आयकर विभाग के नोटिस के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने






सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के सामने आयकर विभाग की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अपना बयान दर्ज कराया। मेहता ने कहा कि कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है और चूंकि चुनाव चल रहे हैं, ऐसे में हम कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। कांग्रेस की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए और उन्होंने आयकर विभाग के इस कदम का स्वागत किया।

**कांग्रेस ने लगाए ये आरोप**-आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी को नया नोटिस भेजा था, जिसमें 1745 करोड़ रुपये के टैक्स के भुगतान की मांग की गई थी। इसके साथ ही आयकर विभाग कांग्रेस पार्टी को कुल 3567 करोड़ रुपये की रिकवरी का नोटिस भेज चुका है। ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़ रुपये) और 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये), 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) से संबंधित है। कांग्रेस का आरोप है कि अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट खत्म कर दी है और पार्टी पर टैक्स लगा दिया है। कांग्रेस नेताओं से जब्त की गई डायरियों में जो तीसरे पक्ष की एंट्रियां हैं, उनके लिए भी कांग्रेस पर टैक्स लगा दिया गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि कर अधिकारियों ने पिछले वर्षों से संबंधित टैक्स डिमांड के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपये पहले ही निकाल लिए हैं। इसे लेकर कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले उद्योगों को 45 दिन में मिलेगा भुगतान

# अब विफल रहने पर कारोबारियों को खर्च के बजाय देना होगा टैक्स

**नई दिल्ली।**
सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले यानी एमएसएमई उद्योगों को आज से किसी भी कारोबार का 45 दिन में पैसा मिल जाया करेगा। अगर कोई कारोबारी 45 दिन में भुगतान नहीं करता है तो उसके खाताबही में इस देनदारी को आय मान लिया जाएगा और इस पर उसे टैक्स देना होगा। हालांकि, अगर वह इसका देरी से भुगतान करता है तो उसे अगले वित्त वर्ष में टैक्स के सामने इस रकम को समायोजित किया जा सकता है।

दरअसल, नए नियमों के तहत सेक्शन 43 बी (एच) को चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 से लागू किया जाना है जो एक अप्रैल से होगा। इसके तहत अगर एमएसएमई और कारोबारी के बीच करार हुआ है तो इस आधार पर एमएसएमई को 45 दिन में पैसा मिलना चाहिए। एमएसएमई के लिए तो वैसे यह नियम अच्छा है, पर उनको डर भी है कि

MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम

इससे बड़े खरीदार उनसे सौदा तोड़ सकते हैं। वे किसी और साधन से खरीद सकते हैं। नियमों के मुताबिक, वो एमएसएमई जो सरकार के उद्यम में पंजीकृत नहीं हैं या ऐसे कारोबार जो एमएसएमई में नहीं आते हैं, कारोबारी ऐसे लोगों से खरीद बढ़ा देंगे। क्योंकि यहां पर 45 दिन का नियम लागू नहीं है।

वहीं, यूपी कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी का कहना है कि नए नियम को कारोबारी समझ नहीं पाए हैं। खुदरा कारोबार पहले से प्रभावित हैं। इस नियम को एक साल के लिए बढ़ाने की मांग वित्तमंत्री से की गई थी।

### एक साल टालने की मांग

इससे पहले, फरवरी में कई राज्यों के उद्योग संगठनों से वित्त मंत्रालय से अपील की थी कि इस योजना को अगले वित्त वर्ष यानी अप्रैल, 2025 से लागू किया जाए। तब तक कारोबारी इसे समझ लेंगे और अपनी तैयारी कर लेंगे। लेकिन वित्त मंत्रालय ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया। वैसे जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में यह संभावना है कि इस योजना को टाला जा सकता है।

### 30 फीसदी का आयकर लगेगा

कोई व्यापारी 45 दिन में भुगतान नहीं करता है तो भुगतान वाली रकम को कमाई मान कर 30 प्रतिशत आयकर लगेगा। इस रकम का अगले वित्त वर्ष में भुगतान किया जाता है तो फिर उस साल में कुल आयकर की देनदारी में इसे समाहित किया जाएगा। इसमें भी पेंच यह है कि अगर किसी व्यापारी ने 10 लाख का माल खरीदा। अगर 7 लाख चुका दिया और 3 लाख बाकी रह गया। अगले साल अगर उसका कारोबार दो ही लाख का होता है तो फिर तीन लाख रुपये में से एक लाख रुपये उसके अगले साल समाहित करना होगा।

### केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों के लिए निर्देश जारी, बिना मंजूरी बड़ी कंपनियों की जांच नहीं कर पाएंगे अधिकारी

**नई दिल्ली।** जीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों को अब किसी भी बड़े औद्योगिक घराने या प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले अपने क्षेत्रीय प्रधान मुख्य आयुक्तों की मंजूरी लेनी होगी। उन्हें पहली बार वस्तुओं/सेवाओं पर शुल्क लगाने के लिए भी क्षेत्रीय प्रधान मुख्य आयुक्तों की मंजूरी लेनी होगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) अधिकारियों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके मुताबिक, जब एक करदाता की जांच राज्य जीएसटी और डीजीजीआई अधिकारी कर रहे हैं, तो प्रधान आयुक्त इस संभावना पर विचार करेंगे कि उसके संबंध में सभी मामलों को एक कार्यालय की ओर से आगे बढ़ाया जाए। कर अधिकारियों को जांच शुरू होने के एक साल के भीतर इसे पूरी करनी होगी। सीबीआईसी ने आगे कहा, किसी सूचीबद्ध कंपनी या सरकारी कंपनी (पीएसयू) के संबंध में जांच शुरू करने या उनसे विवरण मांगने के लिए सीजीएसटी अधिकारियों को इकाई के नामित अधिकारी को समन भेजने के बजाय आधिकारिक पत्र जारी करना चाहिए। इस पत्र में जांच के कारणों का विवरण देना चाहिए और उचित समय अवधि के भीतर दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की मांग करनी चाहिए। कर अधिकारियों को करदाता से वह जानकारी नहीं मांगनी चाहिए, जो जीएसटी पोर्टल पर पहले से ही ऑनलाइन उपलब्ध है।





# 56वीं राष्ट्रीय खो-खो चैम्पियनशिप के पुरुष और महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले तय

**नई दिल्ली।**
नई दिल्ली में चल रही 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैम्पियनशिप के पुरुष और महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले खेले जायेंगे। इससे पहले खेले गए पुरुष वर्ग के एक क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में केरल की टीम ने 8 अंक और एक पारी से रेलवे की टीम को पराजित कर दिया।

रेलवे के राम जी कश्यप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं कर्नाटक और ओडिशा के बीच खेला गया एक अन्य क्वॉर्टर फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। जिसमें ओडिशा ने 4 अंको से जीत दर्ज की और इस तरह मैच का स्कोर ओडिशा का 28 अंक और कर्नाटक का 24 अंक रहा। दिन का एक अन्य क्वॉर्टर फाइनल मुकाबला काफी दिलचस्प रहा जिसमें आंध्रप्रदेश ने 36 अंक और कोल्हापुर की टीम ने 42 अंक का स्कोर किया। इस तरह कोल्हापुर 6 अंक से जीतने में कामयाब रहा। अंतिम क्वॉर्टर फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा जिसमें पश्चिम बंगाल की टीम ने 20 और महाराष्ट्र की टीम ने 22 अंक अर्जित किये और महाराष्ट्र इस मैच में 2 अंक से विजयी रहा। महिला वर्ग के क्वॉर्टर फाइनल मैच में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और कोल्हापुर के बीच हुए मैच में 18-14 से एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ये मुकाबला 4 अंको की बढ़त से जीत लिया।

दिन के एक अन्य क्वॉर्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र का सामना पश्चिम बंगाल से हुआ। जिसमें 38-16 के स्कोर से महाराष्ट्र ने 22 अंको से एकतरफा जीत दर्ज की। गुजरात बनाम ओडिशा के बीच हुए मुकाबले में 12-22 के स्कोर से ओडिशा ने एक इनिंग और 10 अंको से मैच को अपने नाम किया। महिला क्वॉर्टर फाइनल के आखिरी मुकाबले में मेज़बान दिल्ली और कर्नाटक के बीच खेला गया। दिल्ली से अपने प्रशंसकों को निराश ना करते हुए 26-20 के स्कोर के साथ 6 अंक से मैच अपने नाम किया।

दोपहर तीन बजे महिला वर्ग और 4 बजे पुरुष वर्ग के खिताबी मुकाबले होंगे। वही दिन के पहले सत्र में दोनों वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। इसके उपरांत पुरस्कार वितरण के साथ भव्य समापन समारोह का आयोजन होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### हॉकी इंडिया ने महिला राष्ट्रीय कैंप के लिए 60 सदस्यीय दल का किया ऐलान



**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने 60 सदस्यीय महिला दल की घोषणा की, जो 1 से 7 अप्रैल तक होने वाले ट्रायल कैंप के लिए साई, बेंगलुरु में रिपोर्ट करेगी। यहां 6 और 7 अप्रैल को भविष्य के कोचिंग शिविरों और अंतर्राष्टीय प्रदर्शन दौरों के लिए टीम में से 33 खिलाड़ियों की छंटनी होगी। पुणे में हाल ही में संपन्न सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद 60 खिलाड़ियों के ग्रुप को शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह चयन पूरे टूर्नामेंट में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न राज्यों की होनहार प्रतिभाओं की पहचान करता है। एक विज्ञप्ति में बताया गया है, अब इन खिलाड़ियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। वे भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अंतिम 33 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप में जगह बनाने की दौड़ में हैं। फिलहाल, नए मुख्य कोच की नियुक्ति से पहले सभी खिलाड़ी महिला हॉकी टीम की कोच अंकिता बी.एस. को रिपोर्ट करेंगी। इस ट्रयल ग्रुप पर टिप्पणी करते हुए हॉकी इंडिया के हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर हरमन क्रूज ने कहा, 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप सोने की खान साबित हुई। हमने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में टीमों में से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को चुना है, भले ही वे पहले राष्ट्रीय सेटअप में शामिल रहे हों। अब हमारे पास राष्ट्रीय टीम में रहे खिलाड़ियों और दमदार क्षमता दिखाने वाले खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है। आगे बढ़ने का उद्देश्य भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य संभावित खिलाड़ियों के लिए सर्वश्रेष्ठ 33 खिलाड़ियों को चुनना है।

### जैनिक सिनर ने जीता मियामी ओपन का खिताब, ग्रिगोर दिमित्रोव को दी मात



**फ्लोरिडा।** मियामी ओपन 2021 और 2023 में उपविजेता रहे जैनिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में पुरुष एकल फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-3, 6-1 से हराकर मियामी ओपन 2024 खिताब अपने नाम किया. ऑस्ट्रेलियन ओपन और रॉटरडैम के बाद इस साल वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी के लिए यह तीसरा खिताब है. इस सीजन में उनका स्कोर 22-1 है और मियामी ओपन जीतने वाले पहले इटालियन हैं. इस शानदार प्रदर्शन के बाद वो जल्द रैंकिंग में एक पायदान ऊपर नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे। जैनिक सिनर ने कहा, यह मेरे लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन था. खासतौर पर सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। रैंकिंग में नंबर 2 पर पहुंचना मेरे लिए अद्भुत अहसास है. खेल एक अलग चीज है और जीवन उससे बहुत अलग है। मैं यहां पहुंच कर खुश हूं और हर पल का आनंद ले रहा हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले सेट में, पांचवें और नौवें गेम में दो ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 42 मिनट में सेट समाप्त किया. दूसरे सेट में, सिनर को चौथे और छठे गेम में भी दो ब्रेक मिले और स्कोर को 5-1 तक ले गए। इसके बाद उन्होंने 1 घंटे और 13 मिनट में जीत हासिल की। उन्होंने फर्स्ट सर्व प्वाइंट के 88 प्रतिशत अंक (24 में से 21) जीते। जहां तक सीज़न के शेष भाग की बात है, सिनर को अभी भी लगता है कि बहुत कुछ सुधार किया जाना बाकी है।

### हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** झारखंड के हजारीबाग जिले से जमशेदपुर के एक पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी की हत्या करने के आरोप में एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यहां की एक पुलिस टीम ने अपने हजारीबाग पुलिस के सहयोग से 20 दिनों से लापता प्रशांत कुमार सिन्हा का क्षत-विक्षत शव बरामद किया यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि आरोपी काजल सुमन (28) और उसके मित्र रौनक कुमार (19) को पुलिस टीम ने हजारीबाग के चड़वा पुल के नीचे से प्लास्टिक की बोरी में बंद सिन्हा का शव बरामद करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी हजारीबाग के लोहसिंघना इलाके के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि हत्या के पीछे सिन्हा और काजल के बीच पैसों को लेकर विवाद माना जा रहा है। काजल ने रौनक के साथ मिलकर साजिश रची और कुछ दिन पहले हजारीबाग के हासमियां मोहल्ले में रौनक के गौशाला में सिन्हा की गला दबाकर हत्या कर दी। सिन्हा के परिजनों ने 22 मार्च को यहां बिरसानगर थाने में सिन्हा के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

आईपीएल टूर्नामेंट के बीच बीसीसीआई ने अचानक बुलाई फ्रेंचाइजी मालिकों की बैठक

# 16 अप्रैल को अहमदाबाद लिए जा सकते हैं अहम फैसले, सैलरी कैप भी होगी चर्चा



**मुंबई।**
आईपीएल 2024 का सीजन शुरू हो चुका है और टूर्नामेंट में अबतक 13 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इस बीच, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस टूर्नामेंट में शामिल सभी 10 फ्रेंचाइजी के मालिकों की बैठक बुलाई है। यह बैठक 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होगी। इस दिन अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस का मुकाबला खेला जाना है।

### बिन्नी, जय शाह और आईपीएल चेयरमैन बैठक में शामिल होंगे

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस बैठक के लिए सभी 10 टीमों के मालिकों को आमंत्रण भेजा गया है। हालांकि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि टीम मालिकों के साथ उनके सीईओ और ऑपरेशनल टीमें भी बैठक में आ सकती हैं, लेकिन यह मीटिंग कथित तौर पर सिर्फ मालिकों के लिए ही नामित की गई है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और आईपीएल चेयरमैन अरुण सिंह धूमल भी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक के लिए निमंत्रण आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन द्वारा भेजा गया है।

### मेगा नीलामी से पहले नीतियों को लेकर हो सकते हैं फैसले

हेमांग ने निमंत्रण में बैठक का एजेंडा स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन अचानक बुलाई गई मीटिंग को देखकर लगता है कि बीसीसीआई अगले साल होने वाली मेगा नीलामी से पहले नीतियों को लेकर अहम फैसले ले सकती है और कई मुख्य चिंताओं को दुरुस्त कर सकती है। इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्र ने बताया कि बैठक में ये आईपीएल को किस तरह आगे बढ़ाना है इस पर चर्चा करेंगे।

### बैठक के दौरान रिटेंशन पर रहेगा फोकस

समझा जाता है कि इस बैठक के दौरान नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन को लेकर चर्चा हो सकती है। इस मामले को लेकर आईपीएल टीमों की अलग-अलग राय है। कितने खिलाड़ियों को रिटेन किया जाए इसकी संख्या को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है और माना जा रहा है कि बीसीसीआई इस मामले को सुलझाने के लिए बीच का रास्ता निकालेगी। कुछ आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिकों का मानना है कि रिटेंशन की संख्या को बढ़ाना चाहिए। उनका तर्क है कि टीमों ने खुद को स्थापित कर लिया है और अब अपने ब्रांड तथा फैन बेस को मजबूत करने के लिए निरंतरता की जरूरत है। कुछ फ्रेंचाइजी का सुझाव है कि रिटेंशन संख्या को बढ़ाकर आठ कर देना चाहिए। हालांकि, अन्य वर्ग इसका विरोध कर रहा है और इनका कहना है कि रिटेंशन की संख्या को कम करना चाहिए।

### सैलरी कैप को लेकर भी होगी चर्चा

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की इस बैठक के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदू सैलरी कैप को लेकर भी चर्चा हो सकती है। यह एक ऐसा विषय है जिस पर हमेशा तकरार होती है। बीसीसीआई का भी इसे लेकर मजबूत पक्ष रहा है। पिछले साल हुई मिनी नीलामी में सैलरी कैप 100 करोड़ रुपये था, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें बढ़ोत्तरी होगी।

## मोहित बढ़ती उम्र के साथ बेहतर होते जा रहे : शास्त्री



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 'डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए बल्लेबाजों को रन बनाने से रोककर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मैच में मोहित ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए। इससे सनराइजर्स की टीम अपने पारी के दौरान आठ विकेट पर 162 रन ही बना पायी। 35 साल के मोहित को इस मैच में अच्छे प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इसपर पूर्व क्रिकेट से कमेंटेटर बने रवि शास्त्री ने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ ही मोहित और बेहतर होते जा रहे हैं। इस पर मोहित ने कहा कि मुझे यह याद दिलाने के लिए धन्यवाद कि मेरी उम्र बढ़ रही है। इस मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 7 विकेट से जीत मिली। सनराइजर्स इस मैच में 162 रन ही बना पायी थी। उसकी ओर से केवल अब्दुल समद और अभिषेक शर्मा ही 29-29 रन बना पाये थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम ने तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया।

# बोपन्ना 44 की उम्र में बने मास्टर्स विजेता एबडेन के साथ जीता पुरुष युगल खिताब



**नई दिल्ली।**
रोहन बोपन्ना ने 44 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यु एबडेन के साथ मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल का खिताब जीत लिया। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फाइनल में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक को 6-7 (3), 6-3, 10-6 से पराजित किया। इस जीत के साथ बोपन्ना एटीपी मास्टर्स पुरुष युगल का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने बीते वर्ष 43 वर्ष की उम्र में इंडियन वेल्स में जीते गए खिताब के अपने ही रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। यह उनका 26वां एटीपी पुरुष युगल खिताब है। वह अब तक 14 एटीपी मास्टर्स और 63 एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में पहुंच चुके हैं। बोपन्ना इस जीत के साथ पुरुष युगल में फिर से विश्व नंबर की कुर्सी पर काबिज हो गए हैं।

**बोपन्ना सबसे उम्रदराज विश्व नंबर एक**-बोपन्ना ने जीत के बाद कहा कि वह मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा करना चाहते हैं। रिकॉर्ड को आगे जारी रखना अच्छा है। सभी नौ एटीपी मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले बोपन्ना, लिएंडर पेस के बाद दूसरे भारतीय हैं। पहले सेट में बोपन्ना-एबडेन 6-5 से आगे थे और उनके पास तीन सेट प्वाइंट भी थे, लेकिन उन्होंने सर्विस गंवा दी और टाईब्रेकर भी हार बैठे। हालांकि इसके बाद दोनों ने जबरदस्त वापसी करते हुए दूसरा सेट भी जीता और सुपरटाईब्रेकर जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। बोपन्ना 44 की उम्र में विश्व नंबर एक बनने वाले भी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। यहां भी वह अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

**गंभीर बीमारी से जूझ रहीं कोलिंस बनीं विजेता**-गर्भाशय को प्रभावित करने वाली दर्दनाक बीमारी एंडोमेट्रियोसिस से जूझ रहीं विश्व नंबर 53 गैर वरीय अमेरिका की डेनियल कोलिंस ने चौथी वरीय कजाखस्तान की एलीना रिबाकीना को 7-5, 6-3 से पराजित कर महिला एकल का खिताब जीत लिया। 30 वर्षीय कोलिंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान अपनी बीमारी का खुलासा करते हुए कहा था कि यह सत्र उनका अंतिम हो सकता है। अपने गृह राज्य में खेल रहीं कोलिंस ने यह खिताब मार्टिना नवरातिलोवा और आंद्रे अगासी की मौजूदगी में भारी समर्थन के बीच जीता। विजयी बैकहैंड क्रासकोर्ट लगाते ही कोलिंस 10 सेकंड के लिए बिना हिले झुक गईं। ट्रॉफी लेने के दौरान उनकी आंखों में आंसू थे। कोलिंस ने कहा कि उन्होंने काफी टेनिस और कुछ फाइनल खेले, लेकिन इससे ज्यादा उनके और कोई करीब नहीं है।

# पंड्या के बचाव में उतरे अश्विन, प्रशंसकों के खराब व्यवहार पर जतायी नाराजगी



**मुम्बई।**
अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने हार्दिक पंड्या को निशाने बनाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की आलोचना की है। मुम्बई इंडियंस के नये कप्तान पंड्या टीम के खराब प्रदर्शन के बाद से ही दर्शकों के गुस्से का शिकार हुए हैं। लोगों ने सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रॉल किया है। अश्विन ने कहा कि प्रशंसकों का कोई भी बात तय सीमा में ही कहनी चाहिये। साथ ही कहा कि लोगों को यह नहीं भूलना चाहिये कि ये खिलाड़ी हमारे देश के लिये खेलते है। इसलिए किसी क्रिकेटर के साथ खराब व्यवहार नहीं होना चाहिये।

पंड्या की अहमदाबाद और हैदराबाद में प्रशंसकों ने हूटिंग की थी। अश्विन ने सोशल मीडिया पर और मैदान में दर्शकों के पंड्या को लेकर कठोर व्यवहार के लिए प्रशंसकों के आपस के टकराव और सिनेमाई संस्कृति को एक बड़ा कारण बताया है जिसमें दिखावे पर अधिक बल दिया जाता है।

इस पूर्व स्पिनर ने कहा कि, प्रशंसकों को अपनी बात तय दायरे में कहनी चाहिये। अगर आपको कोई खिलाड़ी पसंद नहीं है और उसकी आलोचना कर रहे हैं तो टीम को स्पष्टीकरण देने की क्या जरूरत है। पंड्या को गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले मैच में दर्शकों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी क्योंकि वह गुजरात टीम छोड़कर मुंबई टीम के कप्तान बन गए थे। इसी तरह हैदराबाद में भी उन्हें लोगों का गुस्सा झेलना पड़ा था।

अश्विन ने कहा ," यह क्रिकेट है और सिनेमाई संस्कृति भी है। मुझे पता है कि मार्केटिंग, पोजिशनिंग और ब्रांडिंग जैसी चीजे हैं जिसके कारण ऐसा हो रहा है। " उन्होंने कहा कि पंड्या या मुंबई इंडियंस को इस पर सफाई देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि, किसी और देश में ऐसा नहीं होता कि दो खिलाड़ियों के प्रशंसक आपस में भिड़ जाएं।

## श्रीलंकाई टी10 लीग इस साल के अंत में होगी : सिल्वा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई टी10 लीग का पहला सत्र इस साल 12 से 22 दिसंबर तक होगा। ये लीग गत वर्ष होनी थी पर किन्हीं कारणों से नहीं हो पायी थी। ये श्रीलंका के वार्षिक क्रिकेट कैलेंडर की सबसे नई लीग है।

इसमें श्रीलंका के शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ही कुछ शानदार अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे। श्रीलंकाई क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि यह टूर्नामेंट सफल रहेगा। इससे श्रीलंका क्रिकेट को बढ़ावा मिलने के साथ ही वह खेल में बदलते रुझानों से भी तालमेल बैठाने में सफल रहेगा। उन्होंने साथ ही कहा, हमें उम्मीद है कि यह आयोजन न केवल क्रिकेट प्रेमियों को आकर्षित करेगा, बल्कि टूर्नामेंट को व्यापक रूप से लोकप्रिय बनाने में भी अहम भूमिका निभायेगा। इस टूर्नामेंट में छह पुरुष टीमें शामिल रहेंगी। ये टीमें क्षेत्रीय क्रिकेट केंद्रों को कवर करेंगी।

रोहित के विकेट का जश्न मनाने पर व्यक्ति की हत्या

# कोल्हापुर में आईपीएल मैच के दौरान झड़प, चाचा-भतीजे ने 63 साल के युवक को मार डाला



**कोल्हापुर।**
रोहित शर्मा का विकेट सेलिब्रेट करने के कारण फैंस ने एक 63 साल के वृद्ध की हत्या कर दी। 27 मार्च बुधवार रात 10 बजे कोल्हापुर के हनमंतवाड़ी इलाके में एक आईपीएल मैच को लेकर तीखी झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पीड़ित की पहचान बांडुपंत टिबिले के रूप में हुई, जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह विवाद तब हुआ जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा के विकेट के लिए चीयर करने के बाद टिबाइल को छड़ी से बुरी तरह पीटा गया। आरोपी बलवंत झांजगे और उनके भतीजे सागर झांजगे से वृद्ध को पीटा और फिर पत्थर से उसके सिर पर हमला कर दिया।

### लकड़ी से भी हमला किया

पुलिस के मुताबिक, बुधवार को बलवंत झांझगे और सागर झांझगे अन्य लोगों के साथ गली के एक घर में आईपीएल मैच देख रहे थे, दोनों मुंबई इंडियंस के फैन थे। हैदराबाद के रनों का अंबार लगने से वे काफी गुस्से में थे।

जैसे ही रोहित शर्मा रनों का पीछा करते हुए आउट हुए, चेन्नई सुपर किंग्स के फैन बंदोपंत टिबिले वहां पहुंच गए। इस बार रोहित शर्मा के बाहर होने पर मुंबई कैसे जीतेगी ऐसा कहकर उन्होंने खुशी जाहिर की, इसी दौरान गुस्साए बलवंत और सागर ने उसके सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेहद मामूली वजह से हुई पिटाई की घटना से पुलिस भी हैरान हो गई।

### आरोपी भी अस्पताल में भर्ती

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार रात को मैच देखने के दौरान टिबिले और बलवंत झांजगे के बीच हुई नोकझोंक से विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। बलवंत झांझगे और सागर झांझगे को भी गंभीर चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### आरोपियों को हिरासत में लिया

टिबिले की मौत के बाद करवीर पुलिस ने संदिग्ध सागर झांजगे और बलवंत झांजगे को हिरासत में ले लिया है। अदालत ने मामले की आगे की जांच के लिए उन्हें रिमांड पर लेने का आदेश दिया है।

धोनी ने विशाखापट्टनम ग्राउंड पर स्टाफ के साथ फोटो खिंचवाई, चेन्नई सुपरकिंग्स ने पोस्ट की तस्वीर

# 20 रनों से पराजय झेलने पर साक्षी बोलीं-एहसास ही नहीं हुआ कि हम मैच हार गए



**विशाखापट्टनम।**
चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद विशाखापट्टनम के ग्राउंड स्टाफ के साथ फोटो क्लिक कराई। चेन्नई सुपरकिंग्स ने फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है।

विशाखापट्टनम में चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना डीसी से हुआ, जहां उसे 20 रनों से हार झेलनी पड़ी। मैच के बाद धोनी ने ग्राउंड स्टाफ के साथ फोटो क्लिक करवा कर फैंस का दिल जीत लिया।

### धोनी की पारी पर साक्षी का रिएक्शन

धोनी की पत्नी साक्षी ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर माही की पारी को लेकर रिएक्ट किया है। साक्षी ने अपनी इंस्टा स्टोरी में ऋषभ पंत की भी तारीफ की है। साक्षी ने धोनी की फोटो शेयर कर लिखा, सबसे पहले ऋषभ पंत का फिर से स्वागत है, हाय माही..एहसास ही नहीं हुआ कि हम मैच हार गए हैं। साक्षी का यह रिएक्शन सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### धोनी ने नाबाद 37 रन बनाए

धोनी इस सीजन पहली बार बैटिंग करने उतरे। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ मैच में 16 बॉल पर 37 रन बनाए। उन्होंने एनरिक नॉर्त्या के खिलाफ मैच के आखिरी ओवर में 20 रन बनाए, उन्होंने 2 चौके और 2 छक्के लगाए। उन्होंने अपने पारी में 4 चौके और 3 छक्के जमाए।

### डीसी ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 20 रन से हराया

विशाखापट्टनम में दिल्ली ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 191 रन बनाए। 192 रन के टारगेट के सामने चेन्नई 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 171 रन ही बना सकी। खलील अहमद प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 21 रन देकर 2 विकेट लिए।

### जो पंत से प्रेरित नहीं, वो सच्चा इंसान नहीं वॉटसन

लंबे ब्रेक के बाद वापसी कर रहे ऋषभ पंत ने सीएसके के खिलाफ 32 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली। साथ ही उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने गत चैंपियन सीएसके को 20 रनों से हराया और सीजन की पहली जीत दर्ज की। दिसंबर 2022 में जानलेवा कार दुर्घटना से उबरने के बाद विशाखापत्तनम में मैच प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में पंत का तीसरा मैच था। खुद को तीसरे नंबर पर प्रमोट करते हुए, पंत 23 गेंदों में 23 रन पर थे। वो बड़े शॉर्ट के लिए संघर्ष करते नजर आए, लेकिन यहां से उन्होंने अगली 8 गेंदों में आक्रामक बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक भी पूरा किया। पंत की शानदार बल्लेबाजी देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने उनकी सराहना की। वॉटसन ने कहा, यह प्रेरणादायक है, इसमें कोई संदेह नहीं है। यह सोचना कि ऋषभ इस मुकाबले में ऐसा करने की क्षमता रखता है और फिर इस तरह का प्रदर्शन अविश्वसनीय है। यदि आप ऋषभ पंत से प्रेरित नहीं हैं, तो आप एक सच्चे इंसान नहीं हैं।

घर संसार

# बागीचे के लिए बनाएं खुद खाद



बागीचे में अपने द्वारा बनाई गई का इस्तेमाल करें। ये खाद न केवल पैसे बचाती है बल्कि पर्यावरण के हिसाब से भी काफी अच्छी होती है। अगर आप सोंच रहें हैं कि इसको बनाने के लिए आपको बाजार से कुछ सामान खरीदने की जरूरत पड़ेगी तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं हैं। घर में खाद कैसे बनाते हैं हम आपको बताते है-

### खाद बनाने की विधी-

### 1. कूड़ा कचरा खाद

बस आपको करना केवल यह होगा कि आपके घर का जितना भी कूडां-कचरा हो उसे सम्भाल कर फेंके जिससे वह आपके बागीचे में काम आ सके। अगर आपके घर के पीछे या बागीचे में थोड़ी सी जगह है तो आप वहां पर गड्ढा खोद कर उसमें खाद को रख सकते हैं। ध्यान रखें कि इस खाद को बनाने के दौरान कोई भी प्लास्टिक का सामान इसमें न मिले। अगर किचन का कूड़ा निकले तो पहले उसे देख लें कि कहीं उसमें प्लास्टिक बैग वगैरह न हों। अगर आपके घर में पालतू जानवर हैं और तो उनके मल को खाद के लिए प्रयोग करें। खाद तभी तैयार होगी जब उसके अंदर गर्मी पहुंचेगी। और यह गर्मी संकोचन से पैदा होगी। इसलिए जितना हो सके उतना कूड़ा इक्ठ्ठा करें। इससे खाद पर दबाव पड़ेगा और काम जल्दी होगा। गड्ढे पर ध्यान दें की कहीं वह सूख न गया हो अगर ऐसा होता है तो उसे समय समय पर गीला करते रहें। अगर वह सूखा हुआ है तो खाद बनने की विधी अपने आप ही रुक जाएगी। अपने घर के बागीचे के लिए संपूर्ण पौष्टिक वाला खाद बनाने के लिए आप जितना हो सके, अंडे के छिलके, किचन से निकली सड़ी सब्जियों का भरपूर प्रयोग कर सकते हैं।

### खेतों के लिए खाद

### 2. गोबर की खाद्

गोबर की खाद बनाना बहुत सरल होता हे किसानों के घर पर जो गाय भैस बेल या अन्य पालतू पशु से जो गोबर प्राप्त होता हे उससे गोबर खाद् तैयार किया जाता हे खाद् बनाने के लिए इसमे ज़मीन के अंदर 20 से 25 फिट लंबे और 5 से 7 फिट चौड़े एवं 10 फिट गहरा गड्डा बनाना पड़ता हैं। ये गड्डा पशुओं की संख्या के अनुसार छोटा मोटा भी कर सकते है। अब उसमे गोबर और पशुओं के खाया हुआ चारा सुखला आदि जो बचा हुआ पदार्थ को उस खड्डे में डाला जाता हैं फिर उसमें पानी डाला जाता हे उस गड्ढे को गोबर और पानी से भर के ऊपर गोबर से ढाक दिया जाता हे 3 महीने में सारा गोबर सड़ कर एक अच्छी खाद् बन जाती है। इस खाद् में नाइट्रोजन,फास्फोरस,और पोटाश की मात्रा होती है।

### 3. केंचुए गोबर खाद

केंचुए गोबर को खाद के रूप में परिवर्तित करते हम सभी अच्छी तरह जानते हैं कि भूमि में पाये जाने वाले केंचुए मनुष्य के लिए बहुपयोगी होते हैं। विश्व विख्यात जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन ने अपने 40 वर्षों के अध्ययन के बाद बताया। इसके बाद हुए अध्ययनों से केंचुओं की उपयोगिता उससे भी अधिक साबित हो चुकी है जितनी कि डार्विन ने कभी कल्पना की थी। भूमि में पाये जाने वाले केंचुए खेत में पड़े हुए पेड़-पौधों के अवशेष एवं कार्बनिक पदार्थों को खा कर छोटी-छोटी गोलियों के रूप में परिवर्तित कर देते हैं जो पौधों के लिए देशी खाद का काम करती है। इसके अलावा केंचुए खेत में ट्रैक्टर से भी अच्छी जुताई कर देते हैं जो पौधों को बिना नुकसान पहुँचाए अन्य विधियों से सम्भव नहीं हो पाती। केंचुओं द्वारा भूमि की उर्वरता, उत्पादकता और भूमि के भौतिक, रासायनिक व जैविक गुणों को लम्बे वक्त तक अनुकूल बनाये रखने में सहायता मिलती है।

## बीमारियों में फायदेमंद है अदरक का पानी

अदरक को रसोई में ज्यादातर मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बहुत सारे विटामिन, मैग्जीन और कॉपर मौजूद होते हैं जो शरीर की कई आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। अदरक के पानी में एंटी कैंसर प्रापर्टी पाई जाती है जो आपको कैंसर से दूर रखने में मददगार साबित होती है। अदरक में एंटीबैक्टीरियल पाया जाता है जिससे सर्दी-खांसी जैसी समस्या आपसे दूर रहती है।





# बच्चों को सूखा रोग से कैसे बचाएं..?

सूखा रोग यानी रिकेट्स ज्यादातर उन बच्चों में होता है, जिनके शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम की कमी होती है। यदि पाचन-क्रिया खराब होती है, तो बच्चों को दूध और अन्य ठोस पदार्थ आसानी से नहीं पच पाते हैं। ऐसी हालत में बच्चे का शरीर बिल्कुल सूख जाता है और कमर भी बिल्कुल पतली पड़ जाती है। बच्चा हर समय रोता रहता है। उसे पतले दस्त होने लगते हैं तथा दोनों ओर के स्तनों का मांस भी सूखता चला जाता है। त्वचा में झुरियां पड़ जाती हैं। यह रोग कुपोषण (कमजोरी), जिगर की खराबी और बच्चे को डराने के कारण हो जाता है।

### बीमारी के लक्षण

अगर बच्चा एक साल का हो जाने पर भी खड़े होने में असमर्थ हो तो ऐसी हालत में बच्चे को सूखा रोग यानी रिकेट्स होने की आशंका ज्यादा रहती है। बच्चे को उठने या बैठने में परेशानी, पेट की बीमारी, खांसीजु काम, माथे पर पसीना, शिरगत तालु का देर से भरना, दूध के दांतों का देर से निकलना, पेट में गैस भरना, हाथ-पैरों की वक्रता होना, विकृत छाती इस

रोग के सामान्य लक्षण हैं। यह रोग पांच प्रकार का माना गया है। पहले प्रकार का रोग सूखा रोग दूषित भोजन के कारण के कारण होता है। दूसरे प्रकार का रोग बच्चे के बढ़ने के लिए अच्छे भोजन की जरूरत पड़ती है। मां के दूध में ये तत्व पूरी मात्र में नहीं होते हैं अथवा अन्न और दूध दोनों का सेवन करने वाले बच्चों को पौष्टिक तत्वों से युक्त भोजन नहीं मिलता और रोगी सूखने लगता है। तीसरे प्रकार का रोग फेफड़ों के विकार कारण होता है। चौथे प्रकार का सूखा रोग अक्सर दूषित अन्न खाने वाले बच्चों को होता है। खराब भोजन के करने से किसी बुरे रोग का लगना और सही उपचार न हो पाने के कारण रोग पुराना हो जाने के कारण शरीर के अंगों का खराब हो जाना इस रोग का मुख्य कारण है।

### बच्चे को क्या खिलाएं

बच्चे को कच्चे लाल टमाटर का रस एक महीने तक रोजाना पिलाने से सूखा रोग (रिकेट्स) में आराम आता है और बच्चा

सेहतमंद और अच्छा हो जाता है। सूखा रोग में टमाटर का सेवन बच्चों के लिए बहुत ही लाभकारी है। अंगूर का रस जितना ज्यादा हो सके बच्चे को पिलाना लाभकारी है। इस रस को टमाटर के रस के साथ मिलाकर पिलाने से भी बच्चा सेहतमंद और तंदुरुस्त होता है। रात को तीन बादाम भिगोकर और सुबह उसे पीसकर दूध में मिलाकर बच्चे को पिलाने से सूखा रोग ठीक हो जाता है। बैंगन को अच्छी तरह से पीसकर उसका रस निकालकर उसके अंदर थोड़ा सा सेंधानमक मिला लें। इस एक चमच रस को रोजाना दोपहर के भोजन के बाद कुछ दिनों तक बच्चे को पिलाने से सूखा रोग में आराम आता है।

# इस तरह पाएं प्रोफेशनल लुक

ऑफिस में स्मार्ट एवं परफैक्ट लुक पाने के लिए महिलाओं को अपनी ड्रैसिंग सैंस में कई तरह के बदलाव लाने पड़ते हैं। हर सुबह कामकाजी महिलाएं अपने वॉर्डरोब में से ऐसे ऑऊटफिट्स निकालती हैं, जो स्टाइलिश होने के साथ-साथ उन्हें एक बेहतरीन ऑफिस लुक भी दें। यही कारण है कि उनकी कलैक्शन में कई तरह के आऊटफिट्स होते हैं। यदि आप चाहें तो अलग से आकर्षक लुक पाने के लिए तथा स्वयं में अधिक परफैक्शन लाने के लिए कॉलर्स वाली पोशाकें भी अपने वार्डरोब में एड कर सकती हैं, जो आप को अधिक प्रोफैशनल लुक देंगी। आइए जानते हैं कि किस प्रकार के कॉलर वाली पोशाकें आप ट्राई कर सकती हैं।

**स्ट्रेट कॉलर**- यदि परफैक्ट कॉपरेरेट लुक चाहिए तो टिपिकल स्ट्रेट कॉलर वाली शर्ट ट्राई करें। इसे पहन कर आप अपने ऑफिस स्टाइल में एंड्रोजिनी लुक जोड़ सकती हैं। इस प्रकार के कॉलर वाली शर्ट्स ट्राऊजर्स के साथ तो



स्टाइलिश लगती ही हैं, साथ ही जब आप इसे पैंसिल स्कर्ट के साथ पहनती हैं, तो ये आपकी ड्रेसिंग को और भी हाई बना देती हैं।

**पीटर पैन कॉलर**- फैमिनिन लुक वाले इस कॉलर की ड्रैसेज आपकी ऑफिस लुक को फ्रेश बनाती हैं। चाहे आपको कांन्फ्रेंस में जाना हो या फिर कोई मीटिंग अटैंड करनी हो, आप पीटर पैन कॉलर शर्ट को ट्राऊजर्स के साथ पेयर करें। इस बात का ध्यान रखें कि यह कॉलर सादा हो। यदि आपका यह कॉलर शर्ट से अलग या कंट्रास्ट में भी हो, तो भी यह बहुत अच्छा लगेगा जैसे सैमन पिंक शर्ट के साथ लगा व्हाइट कॉलर। ये कॉलर शर्ट्स, टॉप, वन पीस ड्रैस, ट्यूनिक एवं कुर्ती में भी आते हैं, इसलिए आप इसे विविध प्रकार से ट्राई कर सकती हैं।

**डॉग ईयर कॉलर**- ये डॉगी के कान की तरह दिखता है जो वर्क प्लेस ड्रेंसिंग में काफी पहना जा रहा है। इसकी शर्ट्स को मॉडर्न ड्रैसअप पसंद करने वाली महिलाएं कॉपरेरेट लुक में पहन रही हैं। वे इसे डेनिम और ट्राऊजर्स के साथ पहनती हैं जो उन्हें सिंपल लुक भी देता है। इस कॉलर में आप अन्य ड्रेंसिंग भी पहन सकती हैं ।

**मैंडरीन कॉलर**- ऑफिस के लिए मैंडरीन एक रिफ्रैशिंग कॉलर है। आप इसमें शर्ट्स ही नहीं बल्कि ट्यूनिक, वन पीस ड्रैस, टॉप एवं कुर्ते भी पहन सकती हैं जो ऑफिस में पहने हुए बेहद अच्छे लगते हैं। वैस्टर्न वियर्स पहनती हैं तो इसकी लाइट शेड वाली शर्ट्स भी पहन सकती हैं।

धर्म/अध्यात्म

# जानिए रुद्राक्ष के महत्व और फायदे



हिन्दू धर्म में रुद्राक्ष धारण को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। हिन्दू धर्म के अनुसार रुद्राक्ष के मूल भाग मे ब्रह्मा मध्यभाग में विष्णु और उसका मुख भगवन शंकर अर्थात रूद्र माना जाता है। रुद्राक्ष के सभी बिंदुओं पर सभी देवताओं का वास होता है। यह एक्यूप्रेशर पद्धति से हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होता है। रुद्राक्ष दुर्लभ अत्यंत वस्तु है, जो नेपाल और हिमालय में बहुतायत में पाया जाता है।

### रुद्राक्ष की उत्पत्ति

कहा जाता है कि सती की मृत्यु पर शिवजी को बहुत दुख हुआ और उनके आंसू अनेक स्थानों पर गिरे जिससे रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई। रुद्राक्ष सामान्यतया पांचमुखी पाए जाते हैं, लेकिन एक से चैदहमुखी रुद्राक्ष का उल्लेख शिव पुराण, पद्म पुराण आदि में मिलता है। रुद्राक्ष के मुख की पहचान उसे बीच से दो टुकड़ों में काट कर की जा सकती है। रुद्राक्ष को मुखों के आधार पर उनका वर्गीकरण किया गया है और इन्हीं के अनुरूप उनके फल होते हैं।

**एक मुखी रुद्राक्षः** इसे धारण करने वाले जातक को ब्रह्म हत्या जैसे पाप से मुक्ति मिलती है। एक मुखी रुद्राक्ष के दर्शन करने मात्र से ही पाप नष्ट होते

**दो मुखी रुद्राक्षः** दो मुखी रुद्राक्ष शिव और शक्ति का दूसरा स्वरूप माना गया है। इससे गौ वध जैसे पाप भी नष्ट हो जाते है। दो मुखी रुद्राक्ष को विश्व का कारण बीज कहा गया है।

**तीन मुखी रुद्राक्षः** तीन मुखी रुद्राक्ष सत्व राज तम का स्वरूप माना गया है। तीन मुखी रुद्राक्ष को ब्रह्मा, विष्णु और शंकर की महत्ता माना गया है। इसे धारण करने वाला जातक त्रिकालदर्शी हो जाता है।

**चार मुखी रुद्राक्षः** इस रूद्राक्ष को ब्रम्हा जी का दुसरा रूप माना गया है। इसे धारण करने वाले जातक को हत्या करने के पाप से मुक्ति मिलती है।

**पंच मुखी रुद्राक्षः** इस रूद्राक्ष को ब्रम्ह स्वरूप माना गया है। इसे धारण करने वाले जातक को सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है।

**छः मुखी रुद्राक्षः** इस रूद्राक्ष को कार्तिकेय का स्वरूप माना गया है। अनेक प्रकार के चर्म रोग, हदय रोग, नेत्र रोग दुर होते है।

**सात मुखी रुद्राक्षः** सात आवरण वाला इस रूद्राक्ष होता है। इसकों धारण करनं वाले जातक को स्त्री सुख मिलता है।

**आठ मुखी रुद्राक्षः** यह रूद्राक्ष पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाश, सूर्य और चंद्र स्वरूप है। इसे धारण करने वाले जातक को स्वर्ग की प्राप्ति होती है। सारे कष्ट दूर हो जातें है।

**नौ मुखी रुद्राक्षः** यह रूद्राक्ष नव शक्ति का प्रतीक होता है। इसे धारण करने वाले जातक नंवनाथ हो जाता है।

**दस मुखी रुद्राक्षः** यह रूद्राक्ष भगवान के दसों अवतारों का का प्रतीक होता है। इसे धारण करने वाले जातक का दसों इन्द्रीयों से किए गए समस्त पापों का नाश होता है।

**ग्यारह मुखी रुद्राक्षः** यह रूद्राक्ष एकादश महारूद्र वीर, भद्र आदि के प्रतिबिंब माना गया है, ऐसा कहा जाता है कि श्रद्धा विश्वास पूर्वक धारण करने वाली बांझ स्त्री भी गर्भवती हो जाती है।

**बारह मुखी रुद्राक्षः** यह रूद्राक्ष सूर्य का स्वरूप होता है। एवं यह बारह ज्योतिर्लिंगों का प्रतीक है, इसे धारण करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होतें है। मानसिक शारीरिक परेशनियां हो जाती है।

**तेरह मुखी रुद्राक्षः** यह रूद्राक्ष विश्वेश्वर का प्रतीक होता है। इसको धारण करने से मनोकामना पूर्ण हाती है।

**चौदह मुखी रुद्राक्षः** यह रूद्राक्ष भुवनेश्वर का स्वरूप होता है। यह चौदह विद्या, चौदह लोक, चौदह इन्द्र का प्रतीक होता है। इसे धारण करने से मानसिक, शारीरिक, आर्थिक एवं पारिवारिक कष्ट दूर होते है।

**गौरीशंकर रुद्राक्षः** गौरीशंकर दो जुडे रूद्राक्ष को पुराणों में गौरीशंकर रूद्राक्ष कहा गया है। इसे धारण करने से सभी प्रकार की मनोकामना पूर्ण होती है। गौरीशंकर रूद्राक्ष पूजाघर में रखना शुभ फलदायक होता है।

# ताजमहल : भारत की शान और एक प्यार की निशानी

ताजमहल भारत के आगरा शहर में स्थित एक विश्व धरोहर मक़बरा है। इसका निर्माण कार्य 1632 में शुरु हुआ और 1653 में बनकर तैयार हुआ। ताजमहल भारत की शान और प्रेम का प्रतीक चिह्न माना जाता है। इसका निर्माण मुग़ल सम्राट शाहजहाँ ने, अपनी पत्नी मुमताज़ महल की याद में करवाया था। आगरे का ताजमहल आज सम्पूर्ण विश्व का ताज बन गया है । यहां एक वक्राकार गेट के जरिए पहुंचा जा सकता है। ताजमहल को 40 मीटर ऊंची सममितीय मीनारों से सजाया गया है। हर मीनार तीन भाग में बंटा हुआ है और इसमें दो बालकॉनी है। यह भारतीय और विदेशियों के आकर्षण का केन्द्र है ।



### ताजमहल का मुख्य आकर्षण

ताजमहल के विशाल द्वार के दोनों ओर सफेद पत्थरों पर कुरानों की आयतें लिखी हुई हैं । इसके बाद एक छोटा सा संग्रहालय है जिसमें मुगल सम्राटों के अस्त्र-शस्त्र और चित्र सुरक्षित रखे हुए हैं । मुख्य भवन के दोनों तरफ सुन्दर वृक्षों की पंक्तियाँऔर पानी के फव्वारे से सजे हुए जलकुण्ड हैं। ताजमहल के सफेद चबूतरों और चारों तरफ की दीवारों, 275 फुट ऊंचे विशाल गुम्बद और छोटे-छोटे अन्य गुम्बदों से इसकी शोभा दुगुनी हो जाती है माना जाता है ताजमहल के बड़े गुम्बद के नीचे दो प्रेमियों (शाहजहाँ और मुमताज महल ) की कब्रें हैं, वास्तविक समाधि नीचे तहखाने में है । समाधियों के बहुमूल्य पत्थरों पर सुन्दर नक्काशी की हुई है । चारों तरफ संगमरमर की सुन्दर जालियाँ है। समाधियाँ मोमबत्ती के प्रकाश की सहायता से दिखाई जाती हैं । सुगन्धित धूप बत्तियों से वातावरण को महकाया जाता है । मुमताज महल की समाधि पर आयतें लिखी हुई हैं

### कुछ खास बातें

» यह सफेद रंग के संगमरमर से बना हुआ है जो बहुत ही चमकदार दीखता है जो राजपूताने की खानों से आया था ।

» ताजमहल यमुना नदी के किनारे बना हुआ है अति सुन्दर प्रतीत होती है शाम के समय यहाँ काफी ठंडक रहती है और नजारे बहुत ही सुन्दर दिखाई देते है।

» शाहजहाँ और मुमताज महल के प्रेम का प्रतीक जो दो दिलों के प्रेम की कहानी कह रहा है ।

» इसे बनवाने के बाद कारीगर के हाथ कटवा दिए गए थे ताकि ऐसी सुन्दर ईमारत दोवारा कोई न बना सके।

» ताजमहल दुनिया के सात अजूबों में गिना जाता है ।

» इसे बनवाने में 20 -22 वर्ष लगे और बीस हजार मजदूरों ने काम किया ।

» शरद् पूर्णिमा की चाँदनी रात में ताजमहल अद्भुत और अतिसुन्दर दिखाई देता है ।

» इसमें कई उठे हुए रास्ते हैं, जो बाग को 16 फूलों की क्यारियों में बांटता है।

» हर साल ताजमहल को लगभग 9 से 10 मिलियन लोग देखने आते है। जिसमें से केवल 70 फीसदी लोग भारतीय होते है यहाँ पूरे संसार से लोग गुमने आते है ।

# खाली पेट नींबू पानी पीने से बीमारियां रहेंगी कोसों दूर



नींबू खाने के स्वाद को और भी बढ़ा देता है। सलाद,चाट या सब्जी पर नींबू निचोड़ कर खाने का अलग ही मजा है। गर्मी के मौसम में तो नींबू खाने के साथ-साथ नींबू पानी पीने से भी बहुत फायदा मिलता है। इससे प्यास तो बुझ ही जाती है,साथ-साथ यह ताजगी भी बनाएं रखता है। वैसे तो नींबू पानी का सेवन दिन में 2 बार जरूर करना चाहिए लेकिन अगर रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करेंगे तो इससे बहुत सारे फायदे मिव सकते हैं।

### 1. पाचन क्रिया बेहतर

सुबह गुनगुने पानी में नींबू और शहद डालकर पीने से शरीर में पाचक रस बनना शुरू हो जाता है। इससे भूख लगनी शुरू हो जाती है और ये पाचन क्रिया को बेहतर रखने में भी मददगार है।

### 2. विटामिन सी से भरपूर

शरीर के लिए विटामिन सी बहुत जरूरी है। इससे रोगों से लडने में मदद मिलती है। सुबह के समय इसका सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर हो जाती है। जो छोटी-छोटी इंफैक्शन जैसे सर्दी,खांसी,जुखाम को बचाव रखता है।

### 3. त्वचा में निखार

इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट के गुण होते हैं। जो त्वचा में निखार बनाए रखते हैं। जिससे त्वचा के दाग-धब्बे साफ हो जाते हैं।

### 4. मुंह की दुर्गंध दूर

नींबू पानी मुंह की दुर्गध को दूर करने में मददगार है।यह बॉडी को डिटॉक्स करने का काम करता है।

### 5. वजन करें कम

मोटापे से परेशान हैं तो सुबह खाली पेट गरम पानी, नींबू और शहद का सेवन करने से पेट में जमा चर्बी कम होनी शुरू हो जाती है। इससे मेटाबॉलिजम भी बढ़ता है।

### 6.जोड़ों के दर्द से राहत

जोड़ों के दर्द की से परेशान है तो सुबह नींबू पानी पीना शुरू कर दें। आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

## रेसिपी

### बेबी फ्रिटर्स



**सामग्री**

- 2 आलू (उबले हुए)
- 2 क्यूब्स चीज
- 1/2 कप ब्रैडक्रंब्स
- तेल तलने के लिए
- 12 स्टिक्स
- 1/2 कप मकई दाना(उबला व कटा)
- 4 चम्मच मैदा
- लालमिर्च और नमक स्वादानुसार
- आमचूर स्वादानुसार

**विधि**

सबसे पहले एक बाउल में उबले आलू, नमक, मिर्च, मकई व आमचूर को डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण की गोलगोल छोटी-छोटी बॉल्स बनाकर बीच में थोड़ा सा चीज भर कर स्टिक लगा दें। अब एक कटोरी में मैदे का घोल तैयार करके रख लें। पहले बॉल्स को मैदे के गोल में डिप करें और फिर ब्रैडक्रंब्स लपेटें और तेल में फ्राई करें। बेबी फ्रिटर्स तैयार है इन्हें सॉस के साथ सर्व करें।

### मूली मकई की रोटी



**सामग्री**

- 1/2 कप कसी हुई मूली
- 1 कप मकई का आटा
- 1 टी-स्पून अधरक-लहसुन का पेस्ट
- 1 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर
- 1 टेबल-स्पून तेल
- नमक स्वादअनुसार
- तेल , पकाने के लिए

**विधि**

सभी सामग्री को एक गहरे बाउल में मिलाकर, पर्याप्त मात्रा में गुनगुने पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। आटे को 6 भाग में बांट लें। आटे के प्रत्येक बाग को 2 पलासटिक शीट के बीच रखकर, 125 मिमी। (5) व्यास के गोल आकार में बेल लें। एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें और प्रत्येक रोटी को थोड़े तेल का प्रयोग कर, दोनो तरफ से सुनहरा होने तक पका लें। तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )